● सीधी, सिंगरौली, मऊगंज, रीवा एवं भोपाल से एक साथ प्रकाशित ● website-https://vindhyatiger.in ● epaper-https://epaper.vindhyatiger.in ● वर्ष : 37, अंक 17, पृष्ठ : 08, सीधी, शुक्रवार, 14 फरवरी 2025 - मूल्य : 2.00 रुपया मात्र



दैनिक समाचार पत्र

# विन्ध्य टाइगर

हक की बात, बुलंदी के साथ



पीएम ने दी विश्व रेडियो दिवस पर बधाई 5

कोहली के एशिया में 16 हजार रन पूरे 6

# मणिपुर में लगा राष्ट्रपति शासन

## बीरेन सिंह ने मुख्यमंत्री पद से 9 फरवरी को दिया था इस्तीफा

**नई दिल्ली।** मणिपुर के मुख्यमंत्री बीरेन सिंह के इस्तीफे के बाद राज्य में राष्ट्रपति शासन लागू कर दिया गया है। राज्य के सीएम एन बीरेन सिंह ने 9 फरवरी 2025 को इस्तीफा दिया था, जिसके बाद राज्यपाल अजय भल्ला ने राज्य में राष्ट्रपति शासन लागू करने की सिफारिश की। विधानसभा को भी निलंबित कर दिया गया है। बता दें कि मणिपुर में मैतेई और कुकी समुदायों के बीच हिंसा के चलते बीरेन सिंह की लगातार आलोचना हो रही थी। जिसके बाद उन्होंने पिछले सप्ताह अपने पद से इस्तीफा दे दिया था।



मणिपुर में राष्ट्रपति शासन की घोषणा करते हुए गृह मंत्रालय द्वारा जारी अधिसूचना में कहा गया है कि राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू का मानना है कि 'ऐसी स्थिति उत्पन्न हो गई है जिसमें इस राज्य की सरकार संविधान के प्रावधानों के अनुसार नहीं चल सकती। अब, संविधान के अनुच्छेद 356 द्वारा प्रदत्त शक्तियों का इस्तेमाल करते हुए, मैं घोषणा करती हूं कि मैं भारत के राष्ट्रपति के रूप में मणिपुर राज्य सरकार के सभी कार्यों और इस राज्य के राज्यपाल द्वारा निहित या प्रयोग की जाने वाली सभी शक्तियों को अपने अधीन करती हूं। अधिसूचना में कहा गया है कि विधानसभा को निलंबित कर दिया गया है।

### राजभवन में राज्यपाल से पात्रा की मुलाकात

इससे पहले संबित पात्रा के नेतृत्व में भाजपा के एक प्रतिनिधिमंडल ने मंगलवार को राजभवन में राज्यपाल अजय कुमार भल्ला से मुलाकात की थी। 9 फरवरी को हिंसा से प्रभावित राज्य के मुख्यमंत्री पद से एन बीरेन सिंह के इस्तीफे के बाद नेतृत्व संकट पैदा हो गया है। राज्य विधानसभा के दो लगातार सत्रों के बीच अधिकतम छह महीने के अंतराल की समाप्ति पर एक सवाल का जवाब देते हुए उन्होंने कहा, देखते हैं क्या होता है।

इससे पहले आज मणिपुर के राज्यपाल अजय कुमार भल्ला और अर्धसैनिक बल के अधिकारियों ने आज ही राजभवन में बैठक की थी। इस दौरान अधिकारियों ने उन्हें केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) की तैनाती और परिचालन गतिविधियों के बारे में जानकारी दी। बयान में कहा गया कि मणिपुर और नगालैंड सेक्टर के निवर्तमान महानिरीक्षक (सीआरपीएफ) डॉ. विपुल कुमार और नवनियुक्त महानिरीक्षक राजेंद्र नारायण दाश ने राज्यपाल से मुलाकात की। इसमें कहा गया, 'अधिकारियों ने राज्यपाल को क्षेत्र में सीआरपीएफ की तैनाती और परिचालन गतिविधियों के बारे में जानकारी दी।

### किन परिस्थितियों में लगाया जाता है राष्ट्रपति शासन

अगर चुनाव के बाद किसी पार्टी को बहुमत न मिला हो

जिस पार्टी को बहुमत मिला हो वह सरकार बनाने से इनकार कर दे और राज्यपाल को दूसरा कोई ऐसा दल नहीं मिले जो सरकार बनाने की स्थिति में हो

राज्य सरकार विधानसभा में हार के बाद इस्तीफा दे दे और दूसरे दल सरकार बनाने की स्थिति में नहीं हो

राज्य सरकार ने केंद्र सरकार के संवैधानिक निर्देशों का पालन ना किया हो। कोई राज्य सरकार जान-बूझकर आंतरिक अशांति को बढ़ावा या जन्म दे रही हो। राज्य सरकार अपने संवैधानिक दायित्यों का निर्वाह नहीं कर रही हो।

# ट्रंप से मिलने अमेरिका पहुंचे पीएम मोदी

## मस्क से मुलाकात संभव, स्टारलिंक पर होगी चर्चा

**वाशिंगटन।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी दो दिवसीय अमेरिका की यात्रा पर हैं। इस दौरान वह राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप और एलन मस्क के साथ बैठक करेंगे। इससे पहले, उन्होंने फ्रांस की यात्रा की। जहां उन्होंने एआई एक्शन मीट की राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों के साथ सह-अध्यक्षता की। इस दौरे के दौरान कई समझौतों पर सहमति बनी।

पीएम मोदी अमेरिकी राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार माइकल वाल्ट्ज, टेस्ला के सीईओ एलन मस्क और भारतीय मूल के उद्यमी विवेक रामास्वामी के साथ द्विपक्षीय बैठक करेंगे।

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने बुधवार को अन्य देशों पर पारस्परिक शुल्क लगाने की घोषणा की। उन्होंने कहा कि वह एक दिन के भीतर उनके लिए एक आदेश पर हस्ताक्षर कर सकते हैं। यह एक ऐसा कदम है जो व्यापार युद्ध में नए मोर्चे खोल सकता है।



विश्लेषकों का मानना है कि पारस्परिक शुल्क में अमेरिकी आयात पर टैरिफ दरों में वृद्धि शामिल है, जो निर्यातक देशों द्वारा अमेरिकी उत्पादों पर लगाए जाने वाले शुल्क से मेल खाती है। बुधवार को ओवल ऑफिस में बोलते हुए ट्रंप ने कहा कि वह दिन के अंत में या गुरुवार की सुबह पारस्परिक शुल्क के लिए एक आदेश पर हस्ताक्षर कर सकते हैं।

प्रधानमंत्री मोदी के आगमन से पहले ब्लेयर हाउस में अमेरिकी ध्वज की जगह भारतीय ध्वज लगाया गया। आज सुबह वाशिंगटन पहुंचने पर प्रधानमंत्री का गर्मजोशी से स्वागत किया गया। प्रधानमंत्री मोदी 12-13 फरवरी को अमेरिका की अपनी यात्रा के दौरान ब्लेयर हाउस में ठहरेंगे।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अपनी अमेरिका यात्रा के दौरान एलन मस्क से मिलेंगे और इस दौरान दक्षिण एशियाई बाजार में स्टारलिंक के प्रवेश पर चर्चा हो सकती है। दरअसल, स्टारलिंक भारत में प्रवेश करना चाहता है। भारत सरकार ने मस्क के इस विचार का समर्थन किया है कि स्पेक्ट्रम की नीलामी के बजाय उसे आवंटित किया जाना चाहिए।

# दलाई लामा और संबित पात्रा को जेड श्रेणी की सुरक्षा

**नई दिल्ली।** बौद्ध धर्मगुरु दलाई लामा को अब जेड श्रेणी की सीआरपीएफ सुरक्षा मिलेगी। गृह मंत्रालय ने खुफिया विभाग (आईबी) की रिपोर्ट के बाद यह फैसला लिया है। लगभग 30 सीआरपीएफ कमांडो की एक टीम दलाई लामा को सुरक्षा प्रदान करेगी। इसके अलावा पुरी से सांसद संबित पात्रा को भी मणिपुर में जेड श्रेणी की सुरक्षा दी गई है। पात्रा मणिपुर में भाजपा के प्रभारी हैं।

केंद्रीय गृह मंत्रालय ने केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) की वीआईपी सुरक्षा शाखा को 89 वर्षीय नेता दलाई लामा की सुरक्षा की



जिम्मेदारी संभालने का निर्देश दिया है। दलाई लामा को देश के सभी हिस्सों में सीआरपीएफ कमांडो के जेड-श्रेणी सुरक्षा कवर द्वारा सुरक्षित किया जाएगा। अभी तक दलाई लामा के पास हिमाचल प्रदेश पुलिस का एक छोटा सा सुरक्षा कवर था। जब वह दिल्ली या किसी अन्य स्थान की यात्रा करते थे तो स्थानीय पुलिस द्वारा उन्हें सुरक्षा प्रदान की जाती थी। सरकार ने केंद्रीय खुफिया एजेंसियों की समीक्षा के बाद उन्हें एक समान सुरक्षा कवर प्रदान किया है। सन 1935 में ल्हामो थोंडुप के रूप में जन्मे दलाई लामा को दो साल की उम्र से ही अपने पूर्ववर्ती तिब्बती धर्मगुरु का पुनर्जन्म माना गया है। उन्हें सन् 1940 में तिब्बत की राजधानी ल्हासा में 14वें दलाई लामा के रूप में तिब्बती धर्मगुरु की मान्यता दी गई थी। सन् 1950 में चीन ने तिब्बत पर हमला किया। दलाई लामा सन् 1959 में चीन के खिलाफ एक विद्रोह के असफल होने के बाद भारत आ गए थे। तब से वे हिमाचल प्रदेश के शहर धर्मशाला में निर्वासन में रह रहे हैं। सन् 1989 में उन्हें नोबेल शांति पुरस्कार से सम्मानित किया गया था।

## मुरादाबाद स्थित पाइप के फैक्टरी में लगी भीषण आग

**मुरादाबाद।** मुरादाबाद हनुमान मूर्ति तिराहे के पास स्थित पाइप फैक्टरी के गोदाम में भीषण आग लग गई। आग ने तेजी से फैक्ट्री के अंदर के क्षेत्र को अपनी चपेट में ले लिया, जिससे दूर-दूर तक जहरीला धुंआ फैल गया। आग लगने के बाद कई लोगों के अंदर फंसे होने की आशंका जताई जा रही है। दमकल कर्मी मौके पर पहुंचकर आग पर काबू पाने के लिए पूरी कोशिश कर रहे हैं, जहरीला धुंआ और आग के कारण राहत कार्यों में कठिनाइयां आ रही हैं।

# संसद के दोनों सदनों में वक्फ बिल संबंधी जेपीसी की रिपोर्ट पेश

**नई दिल्ली।** संसद के वर्तमान बजट सत्र के पहले चरण का आज आखिरी कामकाजी दिन है। इस दौरान वक्फ (संशोधन) विधेयक पर विचार करने वाली संयुक्त संसदीय समिति (जेपीसी) की रिपोर्ट गुरुवार को लोकसभा और राज्यसभा के पटल पर रखी गई। लोकसभा में इसे दोपहर दो बजे के बाद पेश किया गया, जबकि राज्यसभा में दिन की कार्यवाही शुरू होते वक्त ही इसे पटल पर रखा गया था। समिति के अध्यक्ष जगदंबिका पाल ने विधेयक से संबंधित रिपोर्ट और साक्ष्यों का रिकॉर्ड सदन के पटल पर रखा।

इससे पहले राज्यसभा में रिपोर्ट पेश होने के बाद विपक्षी दलों



के भारी हंगामा शुरू कर दिया। सुबह सदन की कार्यवाही आरंभ होने के कुछ ही देर बाद भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की मेधा विश्राम कुलकर्णी ने समिति की रिपोर्ट सदन में पेश की। रिपोर्ट पेश होते ही कांग्रेस, तृणमूल कांग्रेस, समाजवादी पार्टी और वामपंथी दल सहित कुछ अन्य दलों के सदस्यों ने हंगामा शुरु कर दिया। हंगामा कर रहे सांसद आसन के निकट आ गए और नारेबाजी करने लगे। हंगामे के बीच ही सभापति जगदीप धनखड़ ने कहा कि वह राष्ट्रपति का एक संदेश सदन में पेश करना चाहते हैं। उन्होंने हंगामा कर रहे सदस्यों से अपने स्थानों पर लौट जाने और सदन में व्यवस्था बनाने की अपील की। हालांकि, इसके बावजूद हंगामा जारी रहा। नेता प्रतिपक्ष मल्लिकार्जुन खरगे कुछ कहना चाहते थे, लेकिन सभापति ने इसकी अनुमति नहीं दी। धनखड़ ने कहा कि भारत की प्रथम नागरिक और राष्ट्रपति पद पर आसीन पहली आदिवासी महिला का संदेश है यह और इसे सदन में पेश न होने देना उनका अपमान होगा। धनखड़ ने हंगामा कर रहे सांसदों से व्यवस्था बनाए रखने की अपील की और उन्हें कार्रवाई की चेतावनी भी दी।

## दिल्ली में बिजली कट को लेकर भड़की आतिशी

**नई दिल्ली।** आप नेता आतिशी ने बिजली प्रेस कॉन्फ्रेंस करते हुए दिल्ली में पावर कट का मुद्दा उठाया। उन्होंने इस दौरान भाजपा पर जमकर हमला बोला। उन्होंने कहा, दिल्ली में बीजेपी की सरकार आते ही बिजली व्यवस्था बर्बाद हो गई। पॉवरकट से परेशान दिल्लीवाले इन्वर्टर खरीदना शुरू कर चुके हैं। दिल्लीवाले मान रहे हैं कि इस बार चुनाव में उनसे गलती हो गई जो वह भाजपा की सरकार ले आए। आतिशी ने कहा, भाजपा दिल्ली में साल 1993 से 1998 तक सरकार में थी और उस समय भी बिजली व्यवस्था खराब थी। भाजपा ने तीन दिनों में ही दिल्ली को उत्तर प्रदेश बनाना शुरू कर दिया है।

## यूपीएससी ने सिविल सेवा के लिए पेश किया नया पंजीकरण और ऑनलाइन आवेदन मॉड्यूल

**नई दिल्ली।** संघ लोक सेवा आयोग ने सिविल सेवा परीक्षा 2025 के लिए एक नया पंजीकरण और ऑनलाइन आवेदन मॉड्यूल पेश किया है, जिससे विस्तृत आवेदन पत्र डीएएफ-1 और डीएएफ-2 को हटाया गया है। यह घोषणा केंद्रीय मंत्री जितेंद्र सिंह ने की। मंत्री ने बताया कि इस नए मॉड्यूल का उद्देश्य उम्मीदवारों के लिए आवेदन प्रक्रिया को सरल बनाना, परीक्षा प्रणाली को सुव्यवस्थित करना और संपूर्ण परीक्षा चक्र को अधिक प्रभावी बनाना है। कार्मिक राज्य मंत्री सिंह ने कहा कि सिविल सेवा परीक्षा यूपीएससी द्वारा कार्मिक एवं प्रशिक्षण विभाग के अधिसूचित नियमों के तहत हर वर्ष आयोजित की जाती है।

**राज्यसभा में दिया जवाब**

राज्यसभा में एक लिखित उत्तर में उन्होंने स्पष्ट किया, यूपीएससी ने सीएसई-2025 के लिए डीएएफ-1 और डीएएफ-2 को हटाकर नया पंजीकरण और ऑनलाइन आवेदन मॉड्यूल लागू किया है।

# संगम में नाव पलटने से एक श्रद्धालु की मौत, दो का नहीं लगा सुराग

**प्रयागराज।** संगम में एक दिन पहले डूबे देवर-भाभी का दूसरे दिन भी पता नहीं चल सका। जल पुलिस और एनडीआरएफ की टीमों ने सर्च ऑपरेशन चलाया। लेकिन, उनका कुछ पता नहीं चल पाया। उधर, अस्पताल में भर्ती दो लोगों में से एक श्रद्धालु की बुधवार रात मौत हो गई। जबकि दूसरे की हालत भी गंभीर बनी रही।

मंगलवार दोपहर 3:00 बजे के करीब संगम में हादसे में नौ लोग नदी में डूबे थे। इनमें से सात को बचा लिया गया था। जबकि, देहरादून के जीएमएस रोड मोहित



विहार निवासी ललिता देवी (60) पत्नी बृजलाल प्रसाद व उनके फुफेरे देवर सुरेश चंद्र (65) लापता हो गए थे। बुधवार सुबह जल पुलिस और एनडीआरएफ की टीमों ने संयुक्त रूप से सर्च ऑपरेशन शुरू किया। तलाश में लगी टीमें अलग-अलग नावों से अरैल और झूंसी के छतनाग तक गईं। लेकिन, कुछ पता नहीं चल पाया। सीओ जल पुलिस रजनीश यादव ने बताया कि संगम से लेकर अरैल और छतनाग तक तलाश की गई। लेकिन, दोनों का कुछ पता नहीं चला। बृहस्पतिवार को एक बार फिर से नदी में अलग-अलग स्थान पर जाल लगवाकर तलाश की जाएगी। उधर हादसे में बचाए जाने के बाद अस्पताल में भर्ती दो लोगों में से महावीर प्रसाद (65) ने बुधवार रात 8:00 बजे के करीब दम तोड़ दिया। मोतीलाल नेहरू मेडिकल कॉलेज के डॉक्टर संतोष सिंह ने बताया कि फेफड़ों में पानी भर जाने के कारण वह सांस नहीं ले पा रहे थे। ऐसे में उन्हें बाईपैक विधि से सांस दी जा रही थी। हालांकि तबीयत बिगड़ती चली गई और फिर उन्हें वेंटिलेटर पर रखना पड़ा। रात 8:00 बजे के करीब उनकी सांसें थम गईं। अस्पताल पहुंचे रिश्तेदार रामगोपाल मित्तल ने बताया कि अस्पताल में भर्ती बृजलाल प्रसाद (65) की भी हालत गंभीर बनी हुई है।

## अदाणी ने श्रीलंका में ऊर्जा परियोजनाओं से सम्मानपूर्वक हटने का किया एलान

**नई दिल्ली।** अदाणी समूह की नवीकरणीय ऊर्जा इकाई अदाणी ग्रीन एनर्जी ने श्रीलंका में प्रस्तावित दो पवन ऊर्जा परियोजनाओं से अपने हाथ पीछे खींच लिए हैं। श्रीलंका की नई सरकार के बिजली दरों पर नए सिरे से बातचीत करने के फैसले के बाद कंपनी ने परियोजनाओं से हटने की घोषणा की।

अदाणी ग्रीन एनर्जी ने श्रीलंका में नवीकरणीय पवन ऊर्जा परियोजना और दो ट्रांसमिशन परियोजनाओं में आगे की भागीदारी से सम्मानपूर्वक हटने के अपने बोर्ड के निर्णय की जानकारी दी है। अदाणी समूह के प्रवक्ता ने कहा है कि हालांकि, हम श्रीलंका के प्रति प्रतिबद्ध हैं और यदि श्रीलंका सरकार चाहे तो भविष्य में सहयोग के लिए तैयार हैं।

अदाणी ग्रीन एनर्जी लिमिटेड (एजीईएल) ने एक बयान में कहा, ीलंका में नवीकरणीय ऊर्जा (आरई) पवन ऊर्जा परियोजना और दो पारेषण परियोजनाओं में आगे की भागीदारी से सम्मानपूर्वक हटने के अपने निदेशक मंडल के फैसले से अवगत करा दिया गया है।

## अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप बोले- रूस और यूक्रेन से हुई सकारात्मक बातचीत

**वॉशिंगटन।** अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने गुरुवार को सोशल मीडिया पर जानकारी दी कि उनकी रूस और यूक्रेन के साथ बातचीत हुई है। उन्होंने इस युद्ध को बहुत खूनखराबे वाला कहा। ट्रंप ने सोशल ट्रूथ पर एक पोस्ट में कहा, कल रूस और यूक्रेन के साथ सकारात्मक बातचीत हुई। उस खतरनाक और खूनी युद्ध के खत्म होने की अच्छी संभावना है। रूस और यूक्रेन के बीच युद्ध अभी भी जारी है। यूक्रेनी वायु सेना ने बुधवार शाम जानकारी दी थी कि उसके ओडेसा और खार्किव क्षेत्रों में 185 ड्रोन से हमले किए गए, जिनमें से 85 को मार गिराया गया।

# राष्ट्रपति भवन में एमपी की बेटी पूनम गुप्ता ने लिए फेरे

**शिवपुरी।** सीआरपीएफ अधिकारी पूनम गुप्ता की शादी राष्ट्रपति भवन में भव्य समारोह के बीच संपन्न हुई। यह ऐतिहासिक विवाह 12 फरवरी की रात मदर टेरेसा कॉम्प्लेक्स में आयोजित किया गया। शादी की खूबसूरत तस्वीरें सामने आई हैं, जिनमें राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू भी वर-वधू को आशीर्वाद देती नजर आईं।

सीआरपीएफ की अधिकारी पूनम गुप्ता वर्तमान में राष्ट्रपति की पर्सनल सिक्योरिटी ऑफिसर के रूप में तैनात हैं। उनकी शादी राष्ट्रपति की विशेष अनुमति से राष्ट्रपति भवन में आयोजित की गई। इस समारोह में परिवार के करीबी सदस्यों और विशिष्ट अतिथियों की मौजूदगी रही। रात्रि में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू भी पूनम गुप्ता और उनके पति अवनीश कुमार को आशीर्वाद देने पहुंचीं। राष्ट्रपति भवन, जो आमतौर पर विदेशी राष्ट्राध्यक्षों और गणमान्य व्यक्तियों के स्वागत के लिए जाना जाता है, इस बार एक व्यक्तिगत खुशी के अवसर का गवाह बना।

शिवपुरी की बेटी शिवपुरी पूनम गुप्ता जो सीआरपीएफ की महिला असिस्टेंट कमांडेंट हैं और राष्ट्रपति भवन में पीएसओ के पद पर तैनात हैं। उनका विवाह जम्मू-कश्मीर में पदस्थ सीआरपीएफ के असिस्टेंट कमांडेंट अवनीश कुमार से 12 फरवरी हुआ है। परिवार के नजदीकी प्रमेंद्र बिरथरे ने बताया है कि पूनम शिवपुरी के श्रीराम कॉलोनी में निवासरत व नवोदय विद्यालय में पदस्थ कार्यालय अधीक्षक रघुवीर गुप्ता की बेटी हैं।

# महाशिवरात्रि पर्व से आरंभ होगा विक्रमोत्सव-2025 : डॉ. यादव

## मुख्यमंत्री की अध्यक्षता में हुई विक्रमोत्सव-2025 की आयोजन समिति की बैठक

**भोपाल।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि उज्जैन में महाशिवरात्रि पर्व 26 फरवरी से विक्रमोत्सव-2025 का आरंभ होगा। सृष्टिकर्ता महादेव के महोत्सव से सृष्टि के आरंभ दिवस वर्ष प्रतिपदा 30 मार्च तक चलने वाला विक्रमोत्सव, सम्राट विक्रमादित्य के युग, भारत उत्कर्ष, नवजागरण और भारत विद्या पर केंद्रित रहेगा। इसके अंतर्गत साहित्यिक-सांस्कृतिक कार्यक्रमों के साथ ही ज्योतिर्विज्ञान, विचार गोष्ठियाँ, इतिहास और विज्ञान समागम, विक्रम व्यापार मेला, लोक एवं जनजातीय संस्कृति पर आधारित गतिविधियाँ संचालित होंगी। विक्रमादित्य वैदिक घड़ी के



ऐप के प्रवर्तन, हस्तशिल्प, पारंपरिक व्यंजन, वस्त्रोद्योग, हथकरघा उपकरणों की प्रदर्शनी के साथ क्षेत्रीय, पौराणिक फिल्मों के महोत्सव और श्रीकृष्ण पर केन्द्रित विशेष फिल्मों का प्रदर्शन और प्रस्तुतियाँ भी विक्रमोत्सव का हिस्सा रहेंगे। कार्यक्रम में अखिल भारतीय कवि सम्मेलन के साथ ही शोधपरक पुस्तकों, ग्रन्थों का लोकार्पण और विक्रम पंचांग का प्रकाशन भी होगा। सांस्कृतिक, सामाजिक और आर्थिक गतिविधियों को समाहित किए विरासत से विकास का यह विक्रमोत्सव अपने आप में अनूठा है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव समत्व भवन (मुख्यमंत्री निवास) में विक्रमोत्सव-2025 की आयोजन समिति की बैठक को संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने विक्रमोत्सव के कैलेंडर का विमोचन भी किया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि विक्रमोत्सव का आयोजन, सम्राट विक्रमादित्य के बहुआयामी व्यक्तित्व की गरिमा के अनुरूप हो। कार्यक्रम का प्रारंभ अत्यंत निकट है, अत: सभी विभाग, समन्वयपूर्वक निर्धारित समय से पहले ही सभी तैयारियां पूर्ण करना सुनिश्चित करें। आयोजन के सहभागी बनने वाले सभी विद्वतजन, कलाकारों और अन्य महत्वपूर्ण व्यक्तियों का स्वागत और व्यवस्था अतिथि देवो भव के भाव से की जाए। यह भी सुनिश्चित किया जाए कि महाशिवरात्रि पर आने वाले श्रद्धालुओं को किसी भी प्रकार का कष्ट न हो और पर्व की व्यवस्थाएं भी प्रभावित नहीं हों। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि विक्रमोत्सव में उज्जैन के साथ अन्य स्थानों पर भी सम्राट विक्रमादित्य, भारतीय ऋषि वैज्ञानिक परंपरा, देवी अहिल्याबाई पर केंद्रित प्रदर्शनियां लगाई जाएं। भारतीय ज्ञान परंपरा के विभिन्न पक्षों पर जन-जन में जानकारी के प्रसार के लिए गतिविधियों संचालित की जाए।

# श्रद्धालुओं से भरी कार एवं डम्फर वाहन में टक्कर, खाई में गिरी कार

**एक दर्जन से अधिक श्रद्धालु घायल, जियावन डांड गांव की घटना, देवसर अस्पताल में चल रहा इलाज**

देवसर

जियावन थाना अंतर्गत जियावन डांड गांव में रात के 9:30 बजे यात्रियों से भरी ईको कार, डम्फर से भयानक टक्कर लगने पर सड़क से नीचे खाई में गिर गई। जिसमें सवार करीब एक दर्जन लोग घायल हो गये। घायल श्रद्धालु को एम्बुलेंस वाहन 108 के माध्यम से उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र देवसर में भर्ती कराया गया है।

जानकारी के अनुसार छत्तीसगढ़ प्रांत के जिला बलरामपुर अंतर्गत मझौली गांव से प्रयागराज महाकुम्भ स्नान करने के बाद वापस करथुआ एनएच 39 मार्ग से वापस अपने घर जा रहे थे कि देवसर के जियावन डांड के पास बीती रात श्रद्धालुओं के ईको कार को एक अज्ञात हाईवा वाहन ने टक्कर मार दिया। जहां कार वाहन सड़क के



नीचे खाई में गिर पड़ी। घटनास्थल पर चीख-पुकार शुरू हो गई और आसपास के लोग पुलिस के साथ-साथ एम्बुलेंस 108 वाहन को सूचना दिये। मौके पर पुलिस भी पहुंची और एम्बुलेंस वाहन के मेडिकल स्टाफ शिव द्विवेदी एवं पायलट कौशल प्रसाद तत्काल मौके पर पहुंचकर घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र देवसर ले गये। जहां बीएमओ डॉ. सीएल सिंह द्वारा घायलो का इलाज किया। सड़क हादसे में एक दर्जन श्रद्धालु सवार थे। इनमें से करीब-करीब सभी श्रद्धालुओं को सिर, हाथ, पैर एवं शरीर में कई जगहो पर चोट आई हैं। फिलहाल श्रद्धालुओं के स्वास्थ्य में सुधार होने के बाद घर जाने के लिए छुट्टी दे दी गई।

### इन सवारियों को आई चोटें

जानकारी के अनुसार सड़क हादसे में घायल हुए यात्री दिलीप यादव पिता रामकिशन यादव उम्र 40 वर्ष , किशोरीलाल ठाकुर पिता रामऔतार उम्र 45 वर्ष, अरूण सेन पिता नाथूलाल सेन उम्र 43 वर्ष, गंगामती पति दिलीप यादव उम्र 40 वर्ष, बिखखन देवी पति अरूण ठाकुर उम्र 43 वर्ष, लीलावती पति किशोरीलाल ठाकुर उम्र 44 वर्ष, अवधेश कुशवाहा पिता गणेशराम कुशवाहा उम्र 50 वर्ष, जामन्ती पति अवधेश कुशवाहा उम्र 45 वर्ष सभी गाँव मझौली जिला बलरामपुर छत्तीसगढ़ के हैं।

## खुले में बिना त्रिपाल ढक कर गिट्टियों का परिवहन जारी



**सिंगरौली।** बैढ़न शहर में हाईवा वाहन बिना त्रिपाल ढक कर गिट्टियों का परिवहन धड़ल्ले के साथ कर रहे है । इनपर रोकने-टोकने वाला कोई नही है। यातायात पुलिस भी अंजान बनी हुई है।

दरअसल कलेक्टर एवं एसपी का निर्देश है कि रेत, गिट्टी व राखड़ बिना त्रिपाल ढके किसी भी हालत में परिवहन न करे। लेकिन बैढ़न शहर में भी कलेक्टर के निर्देश का जब पालन नही हो रहा है तो ग्रामीण अंचलों में उक्त निर्देशो का पालन कितना होता होगा। इसी से सहज अंदाजा लगाया जा सकता है। गत दिवस नौगढ़, कचनी में इसी तरह का नजारा दिखा। जहां एक हाईवा वाहन ओव्हर लोड बिना त्रिपाल से ढके माजन मोड़-बैढ़न की ओर आ रहा था। आरोप है कि यातायात पुलिस की नजर ऐसे वाहन पर नही पड़ती। जबकि गिट्टिया हाईवा वाहन से सड़क पर गिर रही थी

# सीएम हेल्पलाइन में प्राप्त शिकायतें को अटेंड न करने वाले अधिकारियों पर जुर्माना लगाने कलेक्टर ने दिए निर्देश



सिंगरौली

ऐसे विभागीय अधिकारी जिनके द्वारा सीएम हेल्पलाइन में प्राप्त शिकायतें को अटेंड नही किया गया है। इनके विरुद्ध 100 रूपये प्रति शिकायत के दर से जुर्माना की राशि लगाई जाए तथा विभागीय अधिकारी निर्धारित लक्ष्य को समय सीमा में पूर्ण किया जाना सुनिश्चित करें।

उक्त आशय का निर्देश कलेक्टर के द्वारा कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित बैठक के दौरान विभागीय अधिकारियों को निर्देश दिए कि कलेक्टर की अध्यक्षता में सीएम हेल्प लाईन में प्राप्त शिकायतों के निराकरण के प्रगति एवं जन कल्याणकारी योजनाओं क्रियान्वन की समीक्षा बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित हुई। कलेक्टर ने सीएम हेल्पलाईन में प्राप्त शिकायतों के निराकरण के प्रगति की जानकारी लेने के पश्चात विभागीय अधिकारियों को निर्देश देते हुये कहा कि अभी तक कुछ विभागीय अधिकारियों के द्वारा दर्ज शिकायतों को अटेंड तक नही किया गया है जो अत्यन्त की खेदजनक है। उन्होंने निर्देश दिए कि ऐसे अधिकारी जिनके द्वारा अभी तक शिकायतों को अटेंड नही किया गया। उन पर प्रति शिकायत 100 रूपयें के दर से जुर्माना अधिकरोपित किया जायें। साथ ही यह भी निर्देश दिए कि शिकायतों का समय पर संतुष्टि पूर्वक निराकरण विभाग ए ग्रेड प्राप्त करें। कलेक्टर ने मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी को निर्देश दिए कि आयुष्मान निरामयम योजना की नियमिति रूप से मानीटरिंग करें तथा पात्र व्यक्तियों के आयुष्मान कार्ड बनाने के प्रकरणों में तत्परता सजगता से कार्यवाही करें। उन्होंने बैठक के दौरान सभी उपखण्ड अधिकारियों को निर्देश दिए कि अपने-अपने स्तर से सभी योजनाओं का क्रियान्वन सुनिश्चित कराने के लिए नियमित रूप से मानीटरिंग करते रहे। ताकि निर्धारित लक्ष्य को समय पर प्राप्त किया जा सके।

# दो माह जेल का हवा खाने वाला बीईओ ने मांगा वित्तीय प्रभार

**प्रभार के लिए कलेक्टर के यहां दिया आवेदन पत्र**




**सिंगरौली।** वित्तीय घोर अनियमितता एवं भ्रष्टाचार के मामले में न्यायालय द्वितीय अपर सत्र न्यायाधीश बैढ़न के द्वारा पिछले वर्ष 2 दिसम्बर को सजा सुनाते हुये बैढ़न के बीईओ आरडी साकेत को जेल भेज दिया गया था। उच्च न्यायालय से करीब 60 दिन में बेल मिली। लेकिन बीईओ निलंबित नही हुआ और वह अब जेल से छुटने के बाद वित्तीय प्रभार मांग रहा है। गौरतलब है कि बीईओ बैढ़न आरडी साकेत ने अपने कार्यकाल के दौरान शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय रजमिलान में घोर आर्थिक अनियमितता एवं भ्रष्टाचार किया था। जहां न्यायालय द्वितीय अपर सत्र न्यायाधीश बैढ़न के यहां प्रकरण चल रहा था कि न्यायाधीश के द्वारा 7 साल की सजा एवं 55 हजार रूपये आर्थिक दण्ड से दण्डित करने का फैसला सुनाते हुये 2 दिसम्बर 2024 को बीईओ को जेल भेज दिया गया था। करीब 55 दिनों तक जेल में रहा और उक्त बीईओ को उच्च न्यायालय जबलपुर से जमानत मिल गई। इस दौरान बीईओ को भोपाल स्तर से न तो निलंबित किया गया और न ही आरोप पत्र जारी किया गया। जेल से रिहा होने के बाद बीईओ दफ्तर पहुंच अपनी उपस्थिति दर्ज कराया और कलेक्टर को पत्र लिखकर आहरण, सह वितरण अधिकार दिलाये जाने की मांग किया है। हालांकि अभी कलेक्टर ने बहुचर्चित बीईओ के पत्र पर कोई विचार नही किया है। लेकिन बीईओ आरडी साकेत का काला कारनामा किसी से छुपा नही है।

## अहिरवार समाज पहुंचा था ज्ञापन देने, नही पहुंचे अधिकारी

**सिंगरौली।** अहिरवार समाज संघ जिला सिंगरौली ने सिंगरौली के विभिन्न समस्याओं को लेकर गुरु रविदास जयंती पर जिलाध्यक्ष महिला प्रकोष्ठ रीता वर्मा के नेतृत्व में जिला कलेक्ट्रेट ज्ञापन देने पहुंचे। किन्तु गुरु रविदास जयंती होने के कारण ज्ञापन लेने के लिए नही उपस्थित हुए।

31 सूत्रीय मांग पत्र में मुख्य रूप से भारी वाहन के लिए अलग सड़क का निर्माण सड़क दुर्घटना में मृत व्यक्ति के परिवार को एक करोड़ एवं घायल व्यक्ति को 5 लाख की सहायता दिया जाय तथा ब्लॉक स्तरीय सरकारी नौकरी में भर्ती हो बेरोजगारों को रोजगार दिया जाए।

# समाजसेवी प्रेम सिंह भाटी ने सैकड़ों बुजुर्गों को कराया महाकुंभ में गंगा स्नान

**सरई ।** समाजसेवा के क्षेत्र में निरंतर निस्वार्थ योगदान देने वाले वरिष्ठ समाजसेवी प्रेम सिंह भाटी ने एक बार फिर अपने सेवा कार्यों से क्षेत्र में सराहनीय मिसाल पेश की है। उन्होंने प्रयागराज में आयोजित महाकुंभ मेले में सैकड़ों बुजुर्गों को गंगा स्नान कराने की पहल की। जिससे उनका धार्मिक आस्था एवं पुण्य लाभ प्राप्त करने का सपना साकार हो सका। प्रेम सिंह भाटी समाजसेवा के प्रति अपनी गहरी प्रतिबद्धता के लिए क्षेत्र में विशेष पहचान रखते है। वे हमेशा जरूरतमंदों की सहायता के लिए तत्पर रहते है। शव वाहन सेवा के रूप में उनका योगदान उल्लेखनीय है। जिसके तहत वे निःशुल्क शव वाहन उपलब्ध कराकर शोकग्रस्त परिवारों की सहायता करते हैं।



इसी कड़ी में इस बार उन्होंने क्षेत्र के बुजुर्गों को पवित्र त्रिवेणी संगम में आस्था की डुबकी लगाने का सौभाग्य दिलाया। इस कार्य के तहत विशेष रूप से बसों की व्यवस्था की गई। जिससे बुजुर्गों को सुरक्षित एवं सुविधाजनक यात्रा कराई जा सके। प्रयागराज पहुंचकर श्रद्धालुओं ने महाकुंभ मेले के दिव्य वातावरण का अनुभव किया और आस्था की गंगा में स्नान कर धार्मिक अनुष्ठान संपन्न किए। इस पहल को लेकर क्षेत्र में व्यापक सराहना हो रही है। इस पुण्य कार्य के लिए क्षेत्र के नागरिकों एवं धार्मिक संगठनों ने प्रेम सिंह भाटी की मुक्तकंठ से प्रशंसा की है। उन्होंने अपने इस प्रयास को समाजसेवा की दिशा में एक छोटा सा प्रयास बताते हुए कहा कि भविष्य में भी वे इसी प्रकार समाज के जरूरतमंद लोगों की सेवा में तत्पर रहेंगे। प्रेम सिंह भाटी के इस सेवा भाव ने यह सिद्ध कर दिया कि निस्वार्थ समाजसेवा ही सच्ची मानवता है और इस पहल से उन्होंने न केवल बुजुर्गों की आस्था को सम्मान दिया। बल्कि समाज के लिए प्रेरणा भी प्रस्तुत की।

# जिले में रेडक्रॉस सोसाइटी बहुत ही अच्छा कार्य कर रही है : गजेन्द्र

**इंडियन रेडक्रॉस सोसाइटी सिंगरौली की वार्षिक आमसभा की बैठक का हुआ आयोजन**

**सिंगरौली।** जिला मुख्यालय स्थित रेडक्रॉस सोसाइटी सिंगरौली केंद्रीय कार्यालय डीडीआरसी भवन में वार्षिक आमसभा वर्ष 2024-25 का आयोजन किया गया । कार्यक्रम के मुख्य अतिथि गजेंद्र सिंह नागेश मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिपं सह उपाध्यक्ष रेडक्रॉस सोसायटी के उपस्थिति एवं रेडक्रॉस सोसायटी के चेयरमैन एसडी सिंह के मार्गदर्शन में वार्षिक आमसभा आयोजित किया गया । रेडक्रॉस सोसायटी के




चेयरमैन एसडी सिंह ने वार्षिक आम सभा वर्ष में आए हुए सम्मानित मुख्य अतिथि एवं उपस्थित सदस्यों स्वागत किया। वार्षिक आमसभा के मुख्य अतिथि द्वारा अपने उद्बोधन में कहा कि सिंगरौली जिले में रेडक्रॉस सोसाइटी बहुत ही अच्छा कार्य कर रही है और संस्था द्वारा जिले जनमानस के लिए किए जा रहे कार्य बहुत ही सराहनीय है । उनके द्वारा जिला दिव्यांग पुनर्वास केंद्र द्वारा दिव्यांग जनों के हित में उनको कृत्रिम अंग, सहायक उपकरण एवं आवश्यकतानुसार उनको सामग्रियां प्रदान किया जाता है। जिसके उनके जीवन शैली और जीवकोपार्जन में मदद मिलती है । कार्यक्रम का सफल संचालन रेडक्रॉस सचिव डॉ. डीके मिश्रा के द्वारा किया गया तथा आये हुए सभी पदाधिकारियों एवं सम्मानित सदस्यों का आभार प्रदर्शन मनोरमा शाहवाल के द्वारा किया गया। कार्यक्रम में रेडक्रॉस के सभी सेवायुक्तों, ब्लड सेंटर से हरिशंकर एवं टीमए डीडीआरसी से मुकुल किशोर एवं टीम, खुला आश्रय गृह से शिरीन एवं टीम तथा केंद्रीय कार्यालय से जय प्रकाश दुबे एवं अरविंद विश्वकर्मा द्वारा पूरी तन्मयता से कार्य को सफल बनाने में सक्रिय भूमिका निभाए।

## मायाराम महाविद्यालय कबड्डी टीम बनी विजेता

**सिंगरौली।** 10 से 12 फरवरी तक ग्राम चतरी में खेले गए कबड्डी प्रतियोगिता। जिसमें कुल 18 टीमों ने भाग लिया था। इस प्रतियोगिता में मायाराम महाविद्यालय मेढ़ौली की टीम फाइनल मैच में मेजबान चतरी की टीम को 32-21 से पराजित कर चमचमाती हुई ट्रॉफी अपने नाम की। महाविद्यालय की टीम को विजयी होने पर महाविद्यालय प्रबंध समिति के अध्यक्ष बद्रीनारायण बैस ने खिलाड़ियों को बधाई एवं शुभकामनाएं दी एवं समस्त टीम को 5 हजार नगद राशि प्रोत्साहन के रूप में प्रदान किया एवं कहा कि सभी खिलाड़ी एकजुट होकर अनुशासित तरीके से इसी प्रकार मेहनत करते रहे और आगे भी इसी प्रकार से अन्य प्रतियोगिताओं में महाविद्यालय का नाम रोशन करते रहे।

# केकराव वॉलीबॉल टूर्नामेंट 2025 का आगाज

चितरंगी

चितरंगी विकासखंड अंतर्गत ग्राम पंचायत क्षेत्र ओड़नी के केकराव में वॉलीबॉल टूर्नामेंट का आयोजन किया जा रहा है । इस आयोजन समिति में संयोजक की भूमिका निभा रहे लक्ष्मण सिंह ने बताया कि हमारे ग्रह ग्राम में 14 से 16 फरवरी तक इस वॉलीबॉल टूर्नामेंट का आयोजन किया जा रहा है। इस आयोजन में लगभग 20 टीमें जिला स्तर की शामिल होंगी और प्रतियोगिता में भाग लेकर खिलाड़ियों द्वारा दर्शकों को अपनी कला और खेल की प्रस्तुती दी जाएगी। साथ ही साथ उन्होंने आगे यह भी बताया कि विजेता टीम को 10 हजार का पुरस्कार और उपयोगिता को 5 हजार का नगद पुरस्कार सहित ट्रॉफी और अन्य सामग्री से पुरस्कृत किया जाएगा। आपको बताते चले की यह खेल बहुत ही लोकप्रिय खेल है।

क्योंकि बहुत ही काम स्थानों पर वॉलीबॉल का आयोजन किया जाता है । आगे कंमेंट्री के संयोजक ने दर्शकों एवं आम जनता से अपील किया है कि अधिक से अधिक संख्या में आकर किस इस टूर्नामेंट का आनंद लेकर कार्यक्रम सफल बनाए।

## एनटीपीसी विंध्याचल को आईपीएस 2025 समारोह में चार प्रतिष्ठित पुरस्कारों से किया गया सम्मानित

**सिंगरौली।** एनटीपीसी विंध्याचल ने एक बार फिर अपनी उत्कृष्टता को शाबित करते हुए आईपीएस सम्मेलन 2025 में चार प्रतिष्ठित स्वर्ण शक्ति पुरस्कारों पर कब्जा जमाया। इनमें ओ एंड एम उत्पादकता के लिए स्वर्ण शक्ति पुरस्कार, मानव संसाधन प्रैक्टिसेस के लिए स्वर्ण शक्ति पुरस्कार, स्वर्ण शक्ति पुरस्कार में कुल विजेता ओवर आल और बिजनेस एक्सीलेंस बीई के लिए चैंपियन और ओवर ऑल एक्सीलेंस पुरस्कार शामिल हैं।

इस तरह की सफलताओं का श्रेय एनटीपीसी विंध्याचल के परियोजना प्रमुख एवं कर्मचारियों की वचनबद्धता एवं उत्कृष्ट कार्य शैली तथा समर्पण को जाता है। वही एनटीपीसी विंध्याचल की यह सफलता उसकी ऑपरेशनल एक्सीलेंस की दिशा में लगातार किए गए प्रयासों का परिणाम है। उच्च गुणवत्ता वाले रखरखाव, कार्यकुशलता में सुधार और पर्यावरणीय स्थिरता पर विशेष ध्यान केंद्रित करते हुए इसने पावर जनरेशन में नई ऊँचाइयां हासिल की हैं और विश्वसनीयता में महत्वपूर्ण वृद्धि की है। यह प्रतिष्ठित पुरस्कार ई सत्य फणि कुमार, कार्यकारी निदेशक सुजय कर्माकर, महाप्रबंधक हरित रसायन एवं बीई को प्राप्त हुआ। साथ ही एनटीपीसी विंध्याचल की यह अभूतपूर्व जीत उसकी उत्कृष्टता की दिशा में निरंतर प्रयास और कर्मचारियों को सशक्त बनाने की प्रतिबद्धता को दर्शाती है। यह सफलता एनटीपीसी विंध्याचल को भारतीय पावर क्षेत्र में एक और मजबूत कदम बढ़ाने में मदद करेगी।

# गंदे नाले नपानि पर एक धब्बा, अफसर नहीं दे रहे ध्यान

**अन्ना कर रहे सफाई के नाम पर पैसों का बंदर बांट, रिटायर्ड के पहले सिविल स्वच्छता पर सबसे अधिक भ्रष्टाचार**

**सिंगरौली।** शहर में सफाई व्यवस्था को सुदृढ बनाने के लिए नगर पालिक निगम सिंगरौली फोटो और दस्तावेजों में हकीकत से ज्यादा सफाई दिखाते हैं । जबकि वास्तविकता यह है कि नपानि का एक मात्र मुख्य मार्ग बिलौंजी-ताली-नाला और सहायक नाले नपानि के लिए धब्बा से कम नही है। यह नाला गंदगी के भेंट चढ़ गया है। ट्रामा सेंटर और कन्या महाविद्यालय पहुंच मार्ग में बना नाला कचरा और पन्नी से पटा है। कचरा सड़ने की वजह से बदबू भरी हवाएं चलती हैं। स्थानीय लोगों ने बताया कि दो-तीन साल से इस नाले की सफाई नही हुई। कभी ब्लीचिंग पाउडर नहीं डाला गया है। जिससे मच्छरों का झुंड मंडराता है। नाली से सटे दुकानदार, रहवासी और ठेला व्यापारी भले परेशान है लेकिन इसको हटाने के लिए जिम्मेदार अफसर ध्यान नहीं दे रहे हैं।

गौरतलब कि अगस्त 2024 में मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव का चितरंगी दौरा था। उस दिन शहर में करीब 4 घंटे की बारिश ने नगर निगम की व्यवस्थाओं की पोल खोल दी थी। सबसे ज्यादा परेशानी कॉलेज चौराहा और बिलौंजी चौराहे सहित कलेक्ट्रेट में देखने को मिली थी। सड़कों पर चारों तरफ पानी भर गया था। 4 घंटे से ज्यादा समय तक लोग कॉलेज चौराहे से निकल नहीं पाए थे। पूरे सड़क में कचरा था। सहायक नालियां इतनी छोटी और गंदी थी कि पानी निकल नहीं पाया और पूरा शहर पानी-पानी हो गया। ननि कर्मियों की



कड़ी मशक्कत के बाद कई घंटे बाद पानी निकालने के बाद यातायात बहाल हुआ था। कमोवेश हालात इस समय ट्रामा सेंटर पहुंच मार्ग में बने मुख्य नाले की वैसे ही है। कचरे से पटी नालियों से प्रतिदिन लाखों लोगों का आना-जाना होता। कचरा खाने के लिए मवेशी सहित कुत्ते भी नालों में उतर जाते हैं। शहर की गंदगी से आम जनमानस परेशान है तो वही जिम्मेदार फोटो और कागजों में ज्यादा साफ -सफाई कर रहे हैं। जबकि जमीनी हकीकत यह तस्वीरें बयां कर रही है।

### सालों से नालों की नहीं हुई सफाई

पिछले कई सालों से ननि प्रशासन ने नालों की सफाई नहीं कराई है। वही सफाई कर्मचारी नालों की सफाई करने के नाम पर मात्र रस्म अदायी करते हैं। जिससे नाले गंदगी और कीचड़ से पटे हुए हैं। जबकि नगर निगम के अन्ना अपने रिटायरमेंट के प्लानिंग में जुटे हैं। वह सीटाडेल और कुछ एक एनजीओ से मिलकर सफाई और स्वच्छता के प्रचार-प्रसार में हर महीने करोड़ रुपए खर्च कर रहे हैं और सफाई के नाम पर पैसों का बंदर-बांट कर रहे हैं।

### इनका कहना है

*शहर के नालों की सफाई व्यवस्था बद से बदतर बनी हुई है। मुख्य नाला कई सालों से साफ नहीं हुआ है। जहां गंदगी से वायरल और बैक्टीरियल इंफेक्शन होने का खतरा रहता है। मलेरिया का भी प्रकोप रहता है। पाइप हटा दिया जाए तो कम कचरा फसे।*

**जगदीश वार्ड- 41**
*मेडिकल स्टोर संचालक*

*शहर का मुख्य नाला और सहायक नाले गंदगी से कई सालो से पटे हैं। शहर के लोग इस गंदगी से रोज दो-चार हो रहे हैं बदबू आती है तो रुमाल लगाकर निकल जाते हैं। कचरा खाने के लिए जानवर उतरते हैं और संक्रमण फैलाते हैं।*

**अनूप गुप्ता ताली वार्ड- 40**

## संपादकीय

### प्राथमिकता में एआई

पेरिस में हुए दो दिवसीय एआई एक्शन समिट ने जहां आने वाले दौर के लिए आर्टिफिशल इंटेलिजेंस की अहमियत को रेखांकित किया, वहीं यह भी साफ कर दिया कि इस मामले में होड़ के बावजूद सभी देशों का आपसी तालमेल बनाए रखते हुए सावधानी से आगे बढ़ना जरूरी है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने न केवल फ्रांसीसी राष्ट्रपति इमैनुअल मैक्रों के साथ इस शिखर बैठक की सह-अध्यक्षता की बल्कि अगली शिखर बैठक की मेजबानी करने की पेशकश भी करते हुए बता दिया कि भारत इस पहल को कितनी गंभीरता से लेता है। यह एआई एक्शन समिट ऐसे समय हो रही है, जब चीनी कंपनी डीपसेक अपने इनोवेशन से पूरी दुनिया को एक जबर्दस्त झटका दे चुकी है। कम समय और बहुत कम लागत में चेट जीपीटी से कहीं बेहतर एआई टूल पेश करके डीपसेक ने बताया कि इस फील्ड में आउट ऑफ बॉक्स सोच से ज्यादा बड़ी चीज कुछ नही है। इसमें दो राय नही कि डीप सेक ने वाकई कमाल किया है। लेकिन निरंतर बदलती, विकसित होती तकनीक वाली इस फील्ड में हर इनोवेशन की अपनी सीमाएं भी होती हैं, जिनका ध्यान रखने की जरूरत होती है। खासकर सुरक्षा से जुडे पहलू को किसी भी सूरत में नजरअंदाज नही किया जा सकता। इस बिंदु पर इस चीनी इनोवेशन को भी कई तरह के सवालो का सामना करना पड़ रहा है। इसी पहलू को रेखांकित करती है यह तीसरी एआई एक्शन समिट, जिसमें दुनिया भर के 90 देशों और तमाम बड़ी कंपनियों के प्रतिनिधि शामिल हुए। जैसा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इस शिखर बैठक में भी कहा, आर्टिफिशल इंटेलिजेंस हमारे भविष्य का अनिवार्य हिस्सा है, लेकिन किसी भी वजह से इसकी ग्रोथ को बेकाबू होने दिया गया तो उसके परिणाम खतरनाक साबित हो सकते हैं। भारत की भूमिका को खास बनाता है इसका असाधारण टैलंट पूल, इसके वे इंजिनियर और वैज्ञानिक जो नाम मात्र की लागत पर बड़े-बड़े अंतरिक्ष अभियान को अंजाम देते रहे हैं। हालांकि अभी तक इस मामले में भारत की पहल बहुत अच्छी नहीं कही जा सकती। बेहतर होगा कि केंद्र सरकार एक मंत्रालय बनाकर इस तकनीक को लेकर अपनी प्राथमिकता तय करे। एआई इनोवेशन में भारत पीछे छूटने का जोखिम नहीं उठा सकता।

# संस्कृत के खिलाफ जहर उगलने वाले दयानिधि मारन को पता होना चाहिए कि 'द्रविड़' भी संस्कृत शब्द है

**द्रमुक नेताओं को यह भी समझना होगा कि तमिल गौरव की बात करने भर से काम नहीं चलेगा। यह देखना होगा कि तमिल गौरव बढ़ाने का काम सबसे ज्यादा किसने किया है। द्रमुक नेताओं को देखना चाहिए कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने वास्तविक तमिल गौरव को बरकरार रखा है। उन्होंने नए संसद भवन में तमिल सेनगोल स्थापित किया और भारत मंडपम के सामने नटराज की प्रतिमा (भगवान शंकर की नटराज प्रतिमा, जो महान चोल राजाओं द्वारा निर्मित तंजावुर में मिली) स्थापित की। देखा जाये तो राष्ट्रीय स्तर पर तमिल गौरव को इससे अधिक मान्यता पहले कभी नहीं मिली थी। लेकिन इन पार्टियों को तमिल 'सांस्कृतिक गौरव' में कोई दिलचस्पी नहीं है, वे तो बस 'राजनीतिक विभाजन' में अधिक रुचि रखते हैं।**

(नीरज कुमार दुबे)

द्रमुक नेताओं को यह भी समझना होगा कि तमिल गौरव की बात करने भर से काम नहीं चलेगा। यह देखना होगा कि तमिल गौरव बढ़ाने का काम सबसे ज्यादा किसने किया है। द्रमुक नेताओं को देखना चाहिए कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने वास्तविक तमिल गौरव को बरकरार रखा है। तमिलनाडु में सत्तारुढ़ द्रमुक के नेता लगातार सनातन धर्म का अपमान करते रहे हैं। इस पार्टी के नेता सड़क से लेकर संसद तक कभी हिंदुत्व के खिलाफ बोलते हैं तो कभी उत्तर बनाम दक्षिण की राजनीति करने लगते हैं। यही नहीं, इसी पार्टी के एक नेता ने तो मुख्यमंत्री एमके स्टालिन के सामने ही अलगाववादी बयान देते हुए 'अलग तमिलनाडु' की मांग के बारे में विचार करने तक की बात कह डाली थी। द्रमुक की इस नफरत भरी राजनीति को आगे बढ़ाने का काम अब पूर्व केंद्रीय मंत्री दयानिधि मारन ने किया है। उन्होंने संसद के भीतर चिल्ला चिल्ला कर और जिस आवेश में संस्कृत भाषा पर हमला बोला उसे देखकर हर कोई हैरान रह गया क्योंकि दुनिया की सबसे प्राचीन और हर भाषा की जननी माने जाने वाली संस्कृत के खिलाफ ऐसी नफरत पहले किसी नेता ने नहीं उगली थी। हालांकि जैसे ही मारन ने यह हमला किया वैसे ही लोकसभा स्पीकर ओम बिरला ने मारन पर तगड़ा पलटवार कर दिया था। वैसे यह हैरानी भरी बात है कि अपनी द्रविड़ पहचान बताने वाली अधिकांश द्रविड़ पार्टियाँ यह नहीं जानतीं कि 'द्रविड़' तमिल शब्द नहीं है। यह एक संस्कृत शब्द है जिसकी अंग्रेजों द्वारा गलत व्याख्या 'बांटो और राज करो' की नीति के तहत की गयी थी।

द्रमुक नेताओं को यह भी समझना होगा कि तमिल गौरव की बात करने भर से काम नहीं चलेगा। यह देखना होगा कि तमिल गौरव बढ़ाने का काम सबसे ज्यादा किसने किया है। द्रमुक नेताओं को देखना चाहिए कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने वास्तविक तमिल गौरव को बरकरार रखा है। उन्होंने नए संसद भवन में तमिल सेनगोल स्थापित किया और भारत मंडपम के सामने नटराज की प्रतिमा (भगवान शंकर की नटराज प्रतिमा, जो महान चोल राजाओं द्वारा निर्मित तंजावुर में मिली) स्थापित की। देखा जाये तो राष्ट्रीय स्तर पर




तमिल गौरव को इससे अधिक मान्यता पहले कभी नहीं मिली थी। लेकिन इन पार्टियों को तमिल 'सांस्कृतिक गौरव' में कोई दिलचस्पी नहीं है, वे तो बस 'राजनीतिक विभाजन' में अधिक रुचि रखते हैं।

संस्कृत पर होने वाले खर्च को पैसे की बर्बादी बताने वाले दयानिधि मारन को पता होना चाहिए कि भारत की सबसे प्राचीन भाषा संस्कृत है। यह एक ऐसी भाषा भी है जिससे असंख्य भाषाएँ निकली हैं। यही नहीं आज के आधुनिक दौर में भी लगभग हर क्षेत्र में संस्कृत की प्रासंगिकता पूरी तरह बनी हुई है। संस्कृत को भाषाओं की जननी भी कहा जाता है। इस जननी ने सिर्फ भारत में ही नहीं अपितु विदेशों में भी भाषाओं को जन्मा है। देश में तो कुछ राज्यों की यह आधिकारिक भाषा भी है। भारत के प्राचीन ग्रंथ और वेद पुराण आदि सभी संस्कृत में ही लिखे गये हैं। महाभारत काल में भी वैदिक संस्कृत का उपयोग किया जाता था।

जहां तक दयानिधि मारन के विवादित बयान की बात है तो आपको बता दें कि उन्होंने मंगलवार को लोकसभा में आरोप लगाया कि आरएसएस की विचारधारा के कारण लोकसभा की कार्यवाही का संस्कृत में अनुवाद करके करदाताओं का पैसा बर्बाद किया जा रहा है, जिस पर लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने पलटवार करते हुए कहा कि संस्कृत भारत की मूल भाषा रही है। बिरला ने पूर्व केंद्रीय मंत्री मारन पर निशाना साधते हुए कहा, 'आप किस देश में रह रहे हैं? यह भारत है। भारत की मूल भाषा संस्कृत रही है।

दयानिधि मारन की ओर से संस्कृत पर की गयी अनुचित टिप्पणियों का मुद्दा अब राजनीतिक रूप से तूल ले चुका है। केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने लोकसभा की कार्यवाही का एक साथ अनुवाद उपलब्ध कराए जाने वाली भाषाओं में संस्कृत को शामिल करने की मारन द्वारा की गई आलोचना को 'अनुचित' करार देते हुए साफ कहा है कि एक भाषा को बढ़ावा देने के लिए दूसरी भाषा को कमतर करने की कोई आवश्यकता नहीं है। प्रधान ने कहा है कि संस्कृत पर दयानिधि मारन की अनुचित टिप्पणी न केवल आपत्तिजनक है, बल्कि भारत की भाषाई विरासत की बात आने पर द्रमुक के चुनिंदा आक्रोश, पाखंड और दुष्प्रचार को भी उजागर करती है। उनका कहना है कि दरअसल विभाजनकारी राजनीति में लिप्त होना करदाताओं के पैसे की वास्तविक बर्बादी है। यही नहीं, धर्मेंद्र प्रधान ने ओम बिरला की प्रशंसा करते हुए कहा है कि उन्होंने भारतीय भाषाओं के बीच नफरत फैलाने और फर्जी विभाजन पैदा करने के इस प्रयास की उचित रूप से निंदा की है।

हम आपको बता दें कि यह सारा विवाद तब खड़ा हुआ था जब मंगलवार को प्रश्नकाल समाप्त होने के तुरंत बाद बिरला ने कहा कि उन्हें यह घोषणा करते हुए खुशी हो रही है कि छह और भाषाओं- बोडो, डोगरी, मैथिली, मणिपुरी, संस्कृत और उर्दू- को उन भाषाओं की सूची में शामिल कर लिया गया है, जिनमें सदस्यों के लिए एक साथ अनुवाद उपलब्ध होगा। उन्होंने कहा कि अंग्रेजी और हिंदी के अलावा असमिया, बांग्ला, गुजराती, कन्नड़, मलयालम, मराठी, उड़िया, पंजाबी, तमिल और तेलुगु में भी अनुवाद उपलब्ध है। ऐसा प्रतीत होता है कि ओम बिरला के वक्तव्य में संस्कृत शब्द को सुनते ही दयानिधि मारन का खून खौल उठा और वह आवेश में आ गये।

# मिल्कीपुर विजय से भाजपा को राहत व सपा की राह कठिन

**फैजाबाद संसदीय सीट की हार और अवधेश प्रसाद को अयोध्या का राजा कहे जाने से सनातन समाज में दुःख, निराशा और क्षोभ था। मिल्कीपुर को सनातनी हिन्दुओं ने अपनी प्रतिष्ठा का प्रश्न बना लिया था क्योंकि सनातनधर्मी प्रभु राम को ही अयोध्या का एकमात्र राजा मानते हैं। यहां पर यह बात ध्यान देने योग्य है कि जब से सपा मुखिया और कांग्रेस ने अवधेश प्रसाद को अयोध्या का राजा कहना आरम्भ किया तभी से इनकी राजनीति गड़बड़ाने लगी।अब तक प्रदेश में 11 विधानसभा उपचुनाव हो चुके हैं जिसमें भाजपा को आठ सीटों पर सफलता मिली है और प्रदेश में सपा और कांग्रेस गठबंधन भी बिखर रहा है।**

(मृत्युंजय दीक्षित)

मिल्कीपुर की जनता ने विपक्ष के नकारात्मक विचारों के एजेंडे को नकारते हुए विकास और सुशासन का साथ दिया। मिल्कीपर की जनता को अच्छी तरह से समझ में आ गया कि स्थानीय विकास के लिए सत्तारूढ़ भाजपा का विधायक ही आवश्यक है।

जून 2024 के लोकसभा चुनाव परिणामों के बाद सबसे अधिक चर्चा फैजाबाद संसदीय क्षेत्र में भाजपा की पराजय की हुई, जहाँ श्री रामजन्मभूमि पर दिव्य, भव्य राम मंदिर का हिन्दू समाज का 500 वर्ष पुराना सपना पूरा होने के बाद भी भारतीय जनता पार्टी को हार का मुंह देखना पड़ा। फैजाबाद जीत से विपक्ष का आत्मविश्वास इतना बढ़ गया कि इसके बाद हुई अपनी गुजरात रैली में कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने, भाजपा के राजनीति से विश्राम ले चुके वरिष्ठ नेता लालकृष्ण आडवाणी जी के राम मंदिर आंदोलन को ही हरा देने का दंभ भरा। लोकसभा में सपा सांसद अवधेश प्रसाद की तो मानो प्रदर्शनी लगा दी गई बड़बोले नेताओं ने उनको अयोध्या का रजा तक कह दिया।

फैजाबाद संसदीय सीट की हार और अवधेश प्रसाद को अयोध्या का राजा कहे जाने से सनातन समाज में दुःख, निराशा और क्षोभ था। मिल्कीपुर को सनातनी हिन्दुओं ने अपनी प्रतिष्ठा का प्रश्न बना लिया था क्योंकि सनातनधर्मी प्रभु राम को ही अयोध्या का एकमात्र राजा मानते हैं । यहां पर यह बात ध्यान देने योग्य है कि जब से सपा मुखिया और कांग्रेस ने अवधेश प्रसाद को अयोध्या का राजा कहना आरम्भ किया तभी से इनकी राजनीति गड़बड़ाने लगी।अब तक प्रदेश में 11 विधानसभा उपचुनाव हो चुके हैं जिसमें भाजपा को आठ सीटों पर सफलता मिली है और प्रदेश में सपा और कांग्रेस गठबंधन भी बिखर रहा है।

राजनैतिक दल के रूप में भाजपा ने मिल्कीपुर चुनाव जीतने के लिए बेहद आक्रामक रणनीति तैयार की और स्वयं मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कई बार मिल्कीपुर का दौरा किया। जब योगी जी



मिल्कीपुर जाते थे तब सपा सांसद का बयान आता था कि योगी जी जितनी बार मिल्कीपुर आयेंगे भाजपा का वोट प्रतिशत उतना ही घटेगा और सपा का उतना ही वोट प्रतिशत बढ़ता जायेगा जबकि परिणाम उसके विपरीत आये हैं। मिल्कीपुर की जनता के बता दिया है कि अयोध्या के एकमात्र राजा प्रभु राम ही है।

मिल्कीपुर की जनता ने विपक्ष के नकारात्मक विचारों के एजेंडे को नकारते हुए विकास और सुशासन का साथ दिया। मिल्कीपर की जनता को अच्छी तरह से समझ में आ गया कि स्थानीय विकास के लिए सत्तारूढ़ भाजपा का विधायक ही आवश्यक है। मिल्कीपुर की जनता ने सपा के परिवारवाद और जातिवाद को नकार दिया है। परिणाम से यह भी साफ हो गया है कि योगी का बटेंगे तो कटेंगे का नारा जातिवाद के विरुद्ध हिंदुत्व की राजनीति को ताकत दे रहा है। इस विजय से भाजपा के लिए एकजुट हिंदुत्व की राजनीति के पथ पर आगे बढ़ना आसान हो गया है।

मिल्कीपुर सीट पर भाजपा को तीसरी बार जीत मिली है ।इससे पहले 1991 और 2017 में जीत मिली और अब 2025 में चंद्रभानु पासवान ने सपा के गढ़ में भगवा परचम लहराने में सफलता हासिल की है। मिल्कीपुर सीट का गठन 1967 में हुआ था और 1969 में तत्कालीन जनसंघ हरिनाथ तिवारी विधायक चुने गये थे। इसके बाद 1974 से 1989 तक यह विधानसभा क्षेत्र कांग्रेस और कम्युनिस्ट पार्टी का अभेद्य किला बन गया।1991 में राम लहर में मथुरा प्रसाद तिवारी ने भाजपा से जीत दर्ज की फिर 2012 तक यहां पर भाजपा को हार का सामना करना पड़ा। इसके बाद 2017 में मोदी लहर में भाजपा के बाबा गोरखनाथ विजयी रहे। यह अलग बात है कि इसके बाद 2022 के विधानसभा चुनाव में सपा के अवधेश प्रसाद ने बाबा को पराजित किया। 2024 के लोकसभा चुनाव में सपा ने अवधेश प्रसाद को अपना उम्मीदवाबर बनाया था और वह जीत गये। तभी से भाजपा पर लगातार दबाव बनता जा रहा था कि किसी न सिकी प्रकार से यह सीट हर हाल में जीतकर दिखानी है और योगी जी की टीम ने यह काम कर दिखाया है।

## वर्ग पहेली 5642

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | | | 4 | 5 | |
| 6 | | | | 7 | | | |
| 8 | | | 9 | | | | 10 |
| | 11 | 12 | | 13 | | | |
| 14 | | | | 15 | | 16 | |
| 17 | 18 | | 19 | | 20 | | |
| 21 | | | | | 22 | | |
| | 23 | | | 24 | | | |

संकेतः बाएं से दाएं
1. इस द्वीप समूह की राजधानी माले है (4)
4. सर्वाधिक लंबी तटीय सीमा इस महाद्वीप की है (3)
6. दुलारा लड़का, प्यारा बालक (3)
7. पश्चिमी अफ्रीका देश घाना की यह राजधानी है (3)
8. वाक्य का अपभ्रंश, बोलने की इंद्रिय (2)
9. झापड़, थप्पड़ (3)
11. संबंध से, हेतु, वास्ते (2)
13. नदी का पुल्लिंग (2)
15. लालायित होना, वांछित वस्तु का प्राप्त न होना (4)
17. इस देश का भी स्वतंत्रता दिवस 15 अगस्त है (1971)(4)
20. शरीर, वस्त्र आदि पर जमी गर्द, धूल आदि (2)
21. फौज का दस्ता (2)
22. दक्षिणी अमेरिका के प्रशांत तट स्थित पेरू देश की यह राजधानी है (2)
23. निशाना, अनुमान योग्य वस्तु (2)
24. खूबसूरत, प्रियदर्शन, रूपवान (3)

ऊपर से नीचे
1. लता मंगेशकर की जन्मस्थली मध्यप्रदेश के इस अंचल में स्थित है (3)
2. प्रबल अभिलाषित होना (4)
3. दयनीय दशा वाला, गरीब, दरिद्र (2)
4. राजेंद्र सिंह बेदी का इस कृति पर फिल्म निर्माण हो चुका है (8)
5. रक्तवाहिनी, नलिका, नस (2)
7. धरोहर, थाती (4)
10. मध्य यूरोप के देश ऑस्ट्रिया की यह राजधानी है (3)
12. उत्तरप्रदेश के कुछक्षेत्रों में खिचड़ी को यह भी कहते है (3)
14. जाकिर हुसैन का नाम इस वाद्य के साथ जुड़ा (3)
16. इस सुपर स्टार की जन्म स्थली इंदौर है (4)
18. भेड़ या बकरी का बच्चा, मेष राशि (3)
19. लाभ, मुनाफा (2)

### वर्ग पहेली 5641 का हल

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| था | ना | | क | थि | ल | दे | व |
| म | ह | ल | | टा | ट | | वा |
| | क | क | ह | रा | | स | न |
| ली | | वा | र | | न | | |
| मा | ह | | ता | र | के | श्व | र |
| | मा | त | लि | | ल | | ह |
| प्या | सा | | का | शी | | या | म |
| र | न | वे | | ला | य | क | |

# संत रविदास का मुगल विरोध और भीम मीम का छलावा

(प्रवीण गुगनानी)

हमारे देश में मतांतरण की चर्चा और चिंता आठ सौ वर्षों पूर्व प्रारम्भ हो गई थी। समय-काल-परिस्थिति के अनुसार यह चिंता कभी मुखर होती रही तो कभी मुस्लिम आक्रान्ताओं और आतताइयों से दबे-कुचले स्वरुप में पीढ़ी दर पीढ़ी प्रवाहित होती रही।

लगभग सवा छः सौ वर्ष जन्में संत रैदास भारत के आदि, मुखर धर्मांतरण विरोधी रहें हैं। वे घर वापसी के भी पुरोधा पुरुष रहे हैं। स्वामी रामानंद जी के शिष्य रविदास जी के कालजयी लेखन को इस तथ्य से समझा जा सकता है कि उनकें रचित 40 दोहे गुरुग्रन्थ साहब जैसे महान ग्रन्थ में सम्मिलित किये गए हैं। इन दिनों देश में भीम मीम के नाम से चल रहे प्रपंच को हमारे अनुसूचित जाति बंधुओं ने पहचानना चाहिए। ये वही मीम हैं जिन्होंने संत रैदास को नाना प्रकार से प्रताड़ित करने में कोई कसर नहीं छोड़ी थी। मुस्लिम आक्रांताओं भारतीय समाज में अगड़े पिछड़े का भेद उत्पन्न किया था जिसे दूर करने का कार्य संत रैदास जीवन भर करते रहे थे। मुस्लिम शासकों के उन वंशजों से जो भीम मीम का नारा देते हैं; उनको आईना बताया जाना चाहिए, कि, किस प्रकार उनके पूर्वजों ने भारतीय समाज के दूध में विभाजन का नीबूँ मिलवाया था। मुस्लिम शासकों द्वारा संत रैदास के प्रति किए गए विरोध व अत्याचारों का हिसाब भी आज माँगा जाना चाहिए, और उन दुष्कृत्यों के प्रति क्षमाभाव प्रकट किया जाना चहाइये। धार्मिक, राजनैतिक, सामाजिक स्तर पर मतांतरण हिन्दुस्थान में सदियों से एक चिंतनीय विषय रहा है। हमारे देश में मतांतरण की चर्चा और चिंता आठ सौ वर्षों पूर्व प्रारम्भ हो गई थी। समय-काल-परिस्थिति के अनुसार यह चिंता कभी मुखर होती रही तो कभी मुस्लिम आक्रान्ताओं और आतताइयों से दबे-कुचले स्वरुप में पीढ़ी दर पीढ़ी प्रवाहित होती रही। बारहवीं सदी में जब मुस्लिम आक्रान्ता भारत की ओर बढ़े तब वे धन लूटनें और इस्लाम की स्थापना के स्पष्ट और घोषित एजेंडे के साथ आये थे। इन विदेशी आक्रान्ताओं के लिए भारत की जनता को बहला फुसलाकर या जबरदस्ती मतांतरण कराना ही लक्ष्य था। भारतीय दर्शन के धुर विरोधी ये मुस्लिम आक्रान्ता, अपने तीन दुर्गुणों; मतांतरण, धार्मिक स्थानों का विध्वंस और भारत में लूट; के कारण कभी भी समरस और एकरस नहीं हो पाये। संत रैदास ने जब समाज में आततायी विदेशी मुस्लिम शासक सिकंदर लोदी का आतंक और दबावपूर्वक मतांतरण का वातावरण देखा तब वे अत्यंत दुखी हो उठे। हिन्दुओं पर विभिन्न प्रकार के नाजायज कर जैसे तीर्थ यात्रा पर जजिया कर, शव दाह पर कर, हिन्दू रीति से विवाह करनें पर कर जैसे आततायी आदेशों से देश का हिन्दू समाज त्राहि-त्राहि कर उठा था।

## आज का राशिफल

### मेष
आज दिन बहुत शुभ है और आपके लिए तरक्की के अच्छे योग बन रहे हैं। धन में वृद्धि होगी और भाग्य आपका साथ देगा। जीवनसाथी का सहयोग मिलेगा और आपको भाग्?य का पूरा साथ मिलेगा। बच्चों से जुड़ी अच्छी खबर मिल सकती है। शाम को कोई रुका कार्य पूर्ण हो सकता है।

### वृष
आज दिन खुशहाली और तरक्की से भरा रहेगा। आपका पूरा दिन शांतिपूर्ण रहेगा और जो भी प्रयास आप करेंगे उसमें आपके हाथ कामयाबी लगेगी। आपके राजनीतिक प्रयास सफल होंगे। करियर में भी सफलता मिलेगी। सरकार से जुड़े लोगों को फायदा होगा ।

### मिथुन
आज करियर में लाभ होगा और आपके धन सम्?मान में वृद्धि होगी। किसी कीमती चीज के खोने या चोरी होने का डर रहेगा। बच्चों को पढ़ाई में सफलता मिलेगी और कोई अच्छी खबर मिलने से मन प्रसन्न रहेगा। शाम को कोई रुका हुआ काम पूरा होगा।

### कर्क
आज दिन शुभ है। अच्छी संपत्ति मिलने के संकेत हैं। करियर में तरक्की होगी। मान-सम्मान बढ़ेगा। बच्चों की जिम्मेदारी पूरी हो सकती है। यात्रा सुखद और फायदेमंद रहेगी। शाम के समय लाभ होगा। तरक्की के योग बनेंगे।

### सिंह
आज ग्रहों की स्थिति अच्छी है। आमदनी के नए रास्ते खुलेंगे। आपके अच?छे व?यवहार का आपको लाभ मिलेगा। शिक्षा और प्रतियोगिता में सफलता मिलेगी। मनचाहा लाभ होगा। भागदौड़ की वजह से थकान हो सकती है। किसी काम से बाहर जाना पड़ सकता है।

### कन्या
आज दिन लाभदायक है। तरक्की से मन प्रसन्न रहेगा। व्यापार में अच्छी सफलता मिलेगी। बच्चों से जुड़ी अच्छी खबर मिलेगी। दोपहर बाद किसी कानूनी मामले में जीत मिलेगी। शुभ खर्च और कीर्ति में वृद्धि होगी।

### तुला
आज दिन सफलता से भरा रहेगा। परिवार में खुशियां बढ़ेंगी। पैसों से जुड़ी कोई बड़ी समस्या हल हो सकती है। धन लाभ होगा, जिससे सुख-समृद्धि बढ़ेगी। विरोधियों पर विजय प्राप्त होगी। यात्रा से सुख मिलेगा और तरक्की होगी। आपके धन में वृद्धि होगी ।

### वृश्चिक
आज धन में वृद्धि होगी। व्यापारियों को भाग्य का साथ मिलेगा। किसी बीमारी के कारण भागदौड़ करनी पड़ सकती है। किसी अच्छे डॉक्टर से सलाह लेना बेहतर होगा। इसमें धन खर्च होगा। धन में वृद्धि होगी और व्यापार में अच्छा मुनाफा होगा।

### धनु
आज करियर में लाभ होगा। विरोधी भी आपकी प्रशंसा करेंगे। सरकार से जुड़े लोगों से फायदा होगा। ससुराल पक्ष से धन लाभ हो सकता है। शाम से रात तक शुभ योग बनेंगे। सामाजिक कार्यक्रमों में शामिल होने का मौका मिलेगा। धन में वृद्धि होगी और तरक्की होगी।

### मकर
आज किसी से अनबन न हो, इस बात का ध्यान रखें। कामकाज में आपकी स्थितियां बेहतर होंगी। बिजनेस में मुनाफे की आशा रहेगी और शादीशुदा जिंदगी में भी कामयाब होगी। दिन भर काम की भरमार रहेगी लेकिन आपको सोच-समझकर आगे बढ़ना होगा कि किस काम को प्राथमिकता देनी चाहिए।

### कुंभ
आज काम करने वाला दिन है। ऑफिस में अपने साथियों के साथ मिलकर काम करने से अच्छे रिजल्ट मिलेंगे। बातचीत से कोई नया फायदे का आइडिया आ सकता है। दोस्त के लिए तोहफा खरीदते वक्त आपकी जेब का ख्याल रखें। इससे आप बेवजह की परेशानियों से बच सकते हैं।

### मीन
आज का दिन काफी धीमा हो सकता है। धीरे-धीरे आगे बढ़ने से ही फायदा हो सकता है। कोशिश जारी रखेंगे, तो अटके हुए काम भी बन जाएंगे। सतर्क होकर अपने काम में जुट जाएं। शायद यह संघर्ष का आखिरी दौरा होगा। बाहर फिजूलखर्ची करने के बजाय घरवालों के साथ समय गुजारें क्योंकि आज आपके खर्च वैसे ही ज्यादा होंगे।

## संक्षिप्त समाचार

### प्रधानमंत्री मोदी ने विश्व रेडियो दिवस पर देशवासियों को बधाई दी



**नईदिल्ली, एजेंसी।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बृहस्पतिवार को 'विश्व रेडियो दिवस' की शुभकामनाएं दीं और कहा कि संचार का यह माध्यम लोगों को जानकारी देने, प्रेरित करने और जोड़ने की शाश्वत जीवनरेखा रहा है। प्रधानमंत्री ने लोगों से इस महीने के आखिरी रविवार को आकाशवाणी से प्रसारित होने वाले अपने मासिक रेडियो कार्यक्रम 'मन की बात' की ताजा कड़ी के लिए सुझाव भी आमंत्रित किए। हर साल 13 फरवरी को 'विश्व रेडियो दिवस' मनाया जाता है। यह दिन रेडियो के महत्व के बारे में आम जनता और समाचार माध्यमों में जागरूकता बढ़ाने तथा रेडियो के जरिए सूचना उपलब्ध कराने के लिए नीति-निर्माताओं को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से मनाया जाता है। प्रधानमंत्री ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, ''आपको 'विश्व रेडियो दिवस' की शुभकामनाएं। रेडियो लोगों को जानकारी देने, प्रेरित करने और जोड़ने के लिए शाश्वत जीवनरेखा रहा है। समाचार और संस्कृति से लेकर संगीत और कहानी सुनाने तक, यह एक ऐसा शक्तिशाली माध्यम है जो रचनात्मकता को भी प्रोत्साहित करता है।'' उन्होंने कहा, ''मैं रेडियो की दुनिया से जुड़े सभी लोगों का अभिनंदन करता हूं। मैं आप सभी को इस महीने की मन की बात, जो 23 तारीख को होगी, को लेकर अपने विचारों और सुझावों को साझा करने के लिए भी आमंत्रित करता हूं।'' 'विश्व रेडियो दिवस' दुनिया भर के लोगों के जीवन को प्रभावित करने और उन्हें परस्पर जोड़ने की रेडियो की अद्भुत क्षमता को याद करने का अवसर भी होता है।

### महाराष्ट्र के ठाणे में 22 लाख रुपये मूल्य का गांजा जब्त, दो व्यक्ति गिरफ्तार



**ठाणे, एजेंसी।** महाराष्ट्र के ठाणे जिले में पुलिस ने 22.28 लाख रुपये मूल्य का 'हाइब्रिड' गांजा जब्त करने के बाद दो लोगों को गिरफ्तार किया है। एक अधिकारी ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। पुलिस ने एक गोपनीय सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए शहाड इलाके में एक स्थान पर निगरानी रखी और मंगलवार शाम को दो व्यक्तियों को संदिग्ध तरीके से घूमते हुए देखा। उल्हासनगर थाने के अधिकारी ने कहा कि जांच के दौरान पुलिस ने उनके पास से 1.114 किलोग्राम 'हाइब्रिड' गांजा जब्त किया। अधिकारी ने बताया कि उपेंद्रसिंह उर्फ गोली कमलेशसिंह ठाकुर (24) और विशाल हरेश मखीजा (34) नामक दोनों आरोपियों को बाद में गिरफ्तार कर लिया गया और उनके खिलाफ स्वापक औषधि एवं मन: प्रभावी पदार्थ (एनडीपीएस) अधिनियम के प्रावधानों के तहत मामला दर्ज किया गया। पुलिस यह पता लगाने की कोशिश कर रही है कि प्रतिबंधित पदार्थ कहां से लाया गया था और आरोपी इसे किसे बेचने की योजना बना रहे थे।

### ओडिशा सरकार भगवान जगन्नाथ को भोग में जैविक चावल चढ़ाने की योजना बना रही



**भुवनेश्वर, एजेंसी।** भगवान जगन्नाथ के महाप्रसाद को रसायन मुक्त बनाने की कोशिशों के तहत ओडिशा सरकार ने पुरी में 12वीं शताब्दी के मंदिर में देवता को भोग में जैविक चावल और सब्जियां चढ़ाने के लिए एक विशेष परियोजना शुरू करने का प्रस्ताव रखा है। एक अधिकारी ने बुधवार को यह जानकारी। विशेष परियोजना अमृत अन्न शुरू करने के प्रस्ताव का जगन्नाथ मंदिर के सेवकों ने स्वागत किया है। इस संबंध में बुधवार को यहां कृषि विभाग के मुख्यालय कृषि भवन में परामर्श बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता कृषि एवं किसान सशक्तिकरण सचिव अरबिंद पाधी ने की, जो श्री जगन्नाथ मंदिर प्रशासन (एसजेटीए) के मुख्य प्रशासक का भी प्रभार संभालते हैं। यह मंदिर ओडिशा सरकार के विधि विभाग के अंतर्गत आता है। एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया, राज्य सरकार की ओर से महाप्रसाद को रसायन मुक्त बनाने के प्रयास किए जा रहे हैं। श्री मंदिर के महाप्रसाद में जैविक चावल और सब्जियों के इस्तेमाल के फैसले का मंदिर में सेवादारों और मंदिर प्रशासन ने स्वागत किया है।

# भारत तब तक विकसित देश नहीं बन सकता जब तक ग्रामीण आबादी में कमी नहीं होगी : मोंटेक सिंह



**बेंगलुरु, एजेंसी।** भारत तब तक विकसित देश नहीं बन सकता जब तक कि गांवों में रहने वाली आबादी काफी हद तक कम नहीं होगी. यह बात भारत के तत्कालीन योजना आयोग के पूर्व उपाध्यक्ष मोंटेक सिंह अहलूवालिया ने कही. उन्होंने शहरीकरण में तेजी लाने के लिए उत्तर प्रदेश जैसे बड़े राज्यों से दो-तीन राज्य अलग करने की भी जोरदार वकालत की.

ग्लोबल इन्वेस्टर्स मीट- इन्वेस्ट कर्नाटक 2025 में अर्थशास्त्री और लेखक सलमान अनीस सोज के साथ विचार साझा करते हुए अहलूवालिया ने कहा कि अहलूवालिया ने कहा कि महात्मा गांधी ने एक बार कहा था कि भारत गांवों में बसता है. बहुत से लोग अभी भी इसे एक तरह की रोमांटिक दृष्टि के रूप में देखते हैं.

हालांकि मेरा दृढ़ विश्वास है कि भारत में जब तक गांवों में रहने वालों की आबादी कम नहीं होगी तब तक यह एक विकसित देश नहीं बन सकता. गांधीवादियों को यह समझना चाहिए कि यह महात्मा गांधी के विचारों को कम नहीं कर रहा है. उन्होंने 100 साल पहले ये विचार व्यक्त किए थे लेकिन इसका मतलब यह नहीं है कि ये विचार 100 साल बाद भी सही रहेंगे.

उन्होंने शहरीकरण में तेजी लाने के लिए उत्तर प्रदेश और महाराष्ट्र जैसे बड़े राज्यों को विभाजित करके नए और छोटे राज्य बनाने की आवश्यकता पर भी बल दिया. साथ ही कुछ द्वितीय श्रेणी के शहरों को चुनकर उन्हें महानगरों के निकट विकसित करने की भी आवश्यकता पर बल दिया. उन्होंने कहा, हमें बड़े राज्यों को दो या तीन भागों में विभाजित करने पर गंभीरता से विचार करना चाहिए. यूपी की पूर्व मुख्यमंत्री मायावती ने अपने राज्य को तीन भागों में विभाजित करने का सुझाव दिया था. अगर ऐसा किया गया होता, तो तीन नए शहर बनाने के लिए तुरंत राजनीतिक इच्छाशक्ति होती. यही तर्क महाराष्ट्र के मामले में भी सही है, जहां लोग नागपुर को राजधानी बनाकर विदर्भ क्षेत्र को एक अलग राज्य बनाने की वकालत कर रहे हैं. बढ़ते सार्वजनिक ऋण पर एक सवाल का जवाब देते हुए उन्होंने कहा कि ऋण के पैमाने के कारण सभी राज्य वित्तीय रूप से बहुत कमजोर हो गए हैं. उन्होंने कहा कि भारत को 2047 तक विकसित भारत के अपने दृष्टिकोण को साकार करने के लिए दो दशकों तक 8 फीसदी की वार्षिक वृद्धि हासिल करने के लिए आवश्यक सुधारों की प्रकृति स्पष्ट रूप से नहीं बताई गई है और कहा कि इस लक्ष्य को प्राप्त करने में कुछ चुनौतियां हैं.

जब भारत ने 1919 में सुधारों की शुरुआत की थी, तो यह आसान था क्योंकि दुनिया एक ही भाषा में बात कर रही थी. उन्होंने कहा, हमने सुधारों की शुरुआत पूर्वी यूरोप द्वारा साम्यवाद को समाप्त करने के बाद की थी. लेकिन अब भू-राजनीतिक तनाव बढ़ रहे हैं. अमेरिका को न केवल कनाडा और मैक्सिको जैसे अपने सबसे करीबी सहयोगियों के साथ, बल्कि चीन के साथ भी अपनी समस्याएं हैं. चीन रूस के साथ घुलमिल रहा है. रूस चीन पर अधिक निर्भर होता जा रहा है. यूरोपीय लोग रूस से बहुत डरे हुए हैं. भारत अचानक एक ऐसी दुनिया का सामना कर रहा है जो खंडित है. 1991 में हमारे पास यह समस्या नहीं थी।

### प्रधानमंत्री मोदी का उत्तराधिकारी कौन, अमित शाह और योगी आदित्यनाथ में कड़ी टक्कर

**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारतीय जनता पार्टी (बीजेपी) एक के बाद एक कई विधानसभा चुनावों में मिली जीत से फिर से लय में वापस आ गई है। लोकसभा चुनाव में अकेले दम पर बहुमत से चूकने वाली बीजेपी ने पिछले कुछ महीनों में महाराष्ट्र, हरियाणा, दिल्ली आदि में चुनाव जीते हैं, जिससे विपक्षी इंडिया गठबंधन को झटका लगा है। अब एक ताजा सर्वे में सामने आया है कि यदि अभी लोकसभा चुनाव होते हैं तो बीजेपी अकेले दम पर बहुमत का आंकड़ा हासिल कर लेगी, जबकि कांग्रेस की सीटें कम हो सकती हैं। इसके अलावा, सर्वे में पीएम मोदी के उत्तराधिकारी के बारे में भी पता चला है। सर्वे में यह सवाल पूछा गया कि नरेंद्र मोदी के बाद किसे अगला प्रधानमंत्री बनना चाहिए, इस पर केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह और यूपी सीएम योगी आदित्यनाथ के बीच कड़ी टक्कर देखने को मिली। हालांकि, अमित शाह को लगभग एक फीसदी ज्यादा वोट मिले। इंडिया टुडे के मूड ऑफ द नेशन सर्वे में 26.8 फीसदी लोगों ने कहा है कि नरेंद्र मोदी के बाद देश का अगला प्रधानमंत्री अमित शाह को बनना चाहिए। इसके अलावा, नितिन गडकरी को 14.6 फीसदी लोग, राजनाथ सिंह को 5.5 फीसदी लोग और शिवराज सिंह चौहान को 3.2 फीसदी लोगों ने वोट दिया है कि वे इन्हें अगला पीएम देखना चाहते है।

### महाराष्ट्र में उद्धव ठाकरे को झटका, शिवसेना-यूबीटी के पूर्व विधायक ने दिया इस्तीफा



**मुंबई, एजेंसी।** शिवसेना (यूबीटी) के पूर्व विधायक राजन साल्वी ने बुधवार को महाराष्ट्र के रत्नागिरी जिले के अपने राजापुर निर्वाचन क्षेत्र की मौजूदा परिस्थितियों का हवाला देते हुए पार्टी के उपनेता पद से इस्तीफा दे दिया। ऐसी अटकलें लगाई जा रही हैं कि साल्वी उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे के नेतृत्व वाली शिवसेना में शामिल होंगे। अगर साल्वी अपनी पार्टी छोड़ते हैं, तो यह राज्य के तटीय कोंकण क्षेत्र में उद्धव ठाकरे के नेतृत्व वाली शिवसेना (उबाठा) के लिए एक झटका होगा, जो कभी इसका गढ़ था। साल्वी 2024 के महाराष्ट्र विधानसभा चुनावों में शिवसेना के किरण सामंत से हार गए थे। इसके बाद से वह स्थानीय शिवसेना (उबाठा) नेताओं के खिलाफ अपना असंतोष खुले तौर पर व्यक्त करते आए हैं और उन पर अपनी हार के लिए जिम्मेदार होने का आरोप लगाया। शिवसेना (उबाठा) में 'उप नेता' पदनाम वाले कई पदाधिकारी हैं। साल्वी ने बुधवार को ठाकरे को लिखे पत्र में कहा कि वह विधानसभा चुनाव में अपनी हार की नैतिक जिम्मेदारी लेते हैं। शिवसेना (उबाठा) ने चुनावों में खराब प्रदर्शन किया और राज्य की 288 विधानसभा सीट में से केवल 20 सीट ही जीत पाई, जबकि शिंदे की शिवसेना ने 57 सीट जीतीं। उन्होंने पत्र में लिखा, मौजूदा परिस्थितियों और संगठन के भीतर की अंदरूनी राजनीति के बीच मैं अपने पद के साथ न्याय नहीं कर पाऊंगा। अपनी हार की नैतिक जिम्मेदारी लेते हुए मैं पार्टी के उपनेता पद से इस्तीफा दे रहा हूं। बार-बार प्रयास करने के बावजूद साल्वी टिप्पणी के लिए उपलब्ध नहीं हो सके।

### 5 साल में 470 फीसदी बढ़ गई अमेरिका में शरण मांगने वाले भारतीयों की संख्या : रिपोर्ट

**नईदिल्ली, एजेंसी।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप शपथ लेते ही अवैध प्रवासियों को देश से बाहर निकालने के अभियान में जुट गए हैं जिसका असर भारत समेत कई देशों पर देखने को मिल रहा है। अमेरिका जाकर बसने का ख्वाब देखने वाले 100 से ज्यादा भारतीयों को बीते दिनों एक विमान के जरिए भारत डिपोर्ट कर दिया गया और आने वाले दिनों में ऐसे और एक्शन लेने की बात भी की गई है। इस बीच हाल ही में अमेरिका जाने की चाह रखने वाले भारतीयों से जुड़ी एक रिसर्च में कुछ चौंकाने वाले आंकड़े सामने आए हैं। जॉन्स हॉपकिन्स यूनिवर्सिटी की इस स्टडी से पता चलता है कि बीते 5 सालों में भारत से अमेरिका में शरण चाहने वालों की संख्या में काफी बढ़ोतरी हुई है। जॉन हॉपकिंस की स्टडी के मुताबिक 2018 में 9,000 भारतीय अमेरिकन ड्रीम को जीने की चाहत में शरण मांग रहे थे। अब 2023 में यह संख्या 51,000 हो गई है। हालांकि इस बीच अमेरिका में अवैध रूप से रह रहे भारतीयों की संख्या में कमी आई है। अमेरिकी सरकार के डेटा के मुताबिक 2016 में चरम पर पहुंचने बाद से अमेरिका में अवैध रूप से रह रहे भारतीयों की आबादी में 60 फीसदी की कमी आई है।

# कुख्यात गैंगस्टर भगप्पा हरिजन का खौफनाक अंत, फिर सुर्खियों में भीमा नदी घाटी

**विजयपुरा, एजेंसी।** उत्तर कर्नाटक के कुख्यात गैंगस्टर भगप्पा हरिजन की मंगलवार रात हत्या कर दी गई। यह वारदात विजयपुरा जिले के गांधी चौक थाना क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले मदिना नगर में उनके किराए के घर के पास हुई। पुलिस के अनुसार, अज्ञात हमलावरों ने तेज धारदार हथियारों से उस पर हमला किया। प्रारंभिक जांच में चार से पांच हमलावरों के शामिल होने की आशंका जताई जा रही है। टाइम्स ऑफ इंडिया की रिपोर्ट के मुताबिक, विजयपुरा के एसपी लक्ष्मण निम्बर्गी ने बताया, हमें रात 9:20 बजे घटना की सूचना मिली। जब फॉरेंसिक टीम के साथ घटनास्थल पर पहुंचे, तो पुष्टि हुई कि भगप्पा की हत्या उनके घर के पास की गई। उन्होंने कहा कि पुलिस सभी संदिग्ध पहलुओं की जांच कर रही है और अपराधियों की तलाश जारी है।

**भगप्पा हरिजन का आपराधिक इतिहास :** भगप्पा हरिजन, 1990 के दशक के कुख्यात गैंगस्टर चंदप्पा हरिजन का करीबी रिश्तेदार और सहयोगी था। चंदप्पा की पुलिस मुठभेड़ में मौत के बाद भगप्पा ने गैंग की कमान संभाल ली थी। पुलिस रिकॉर्ड के मुताबिक, भगप्पा के खिलाफ हत्या, हत्या के प्रयास और शस्त्र अधिनियम सहित 10 से अधिक आपराधिक मामले दर्ज थे। पुलिस यह भी जांच कर रही है कि हत्या से पहले उनके घर पर कौन-कौन मौजूद था, क्या बिजली काटी गई थी, और क्या



हमलावरों को उसकी गतिविधियों की कोई सूचना मिली थी।

**गैंगवार की पुरानी दुश्मनी का नतीजा :** भगप्पा हरिजन का नाम 2000 में चर्चा में आया था, जब उसके रिश्तेदार चंदप्पा हरिजन को महाराष्ट्र पुलिस ने मुठभेड़ में मार गिराया था। उसी वर्ष, भगप्पा ने भी पुलिस पर गोली चलाई थी। 2017 में विजयपुरा की सत्र न्यायालय परिसर में उस पर हमला हुआ, लेकिन वह बच गया था और हैदराबाद में इलाज के बाद ठीक हो गया था। बताया जाता है कि इस हत्या के पीछे सुपारी किलर पीरप्पा हडपद का हाथ हो सकता है, जिसे चंदप्पा के बेटे भीमस्या ने भगप्पा को खत्म करने के लिए कथित रूप से हायर किया था। हालांकि, इसके बाद भगप्पा अंडरवर्ल्ड से दूर होकर आम जिंदगी जीना चाहता था, लेकिन चंदप्पा हरिजन के पूर्व साथियों ने उसे चैन से नहीं रहने दिया।

**भीमा नदी घाटी क्षेत्र में गैंगवार का इतिहास :** भगप्पा हरिजन की हत्या ने विजयपुरा और कलबुर्गी जिलों में फैले भीमा नदी घाटी क्षेत्र में वर्षों से जारी गैंगवार की कड़वी यादें ताजा कर दी हैं। 1990 के दशक में चडचन क्षेत्र से शुरू हुआ यह अपराधीकरण उमरानी, अलमेल और अफजलपुर तक फैल गया था। हरिजन गैंग लंबे समय तक हत्या, हथियारों की तस्करी और सुपारी किलिंग जैसे अपराधों में लिप्त रहा। भगप्पा पर अवैध देसी पिस्तौल की तस्करी और भाड़े के हत्यारे मुहैया कराने के आरोप भी लगते रहे हैं। माना जाता है कि स्थानीय राजनेताओं और कुछ पुलिस अधिकारियों की मिलीभगत के कारण इन गैंगस्टरों के अपराध वर्षों तक बेरोकटोक चलते रहे।

क्या अब खत्म होगी गैंगवार?

2007 में भगप्पा को पुणे में गिरफ्तार किया गया था, लेकिन वह 2024 में विजयपुरा जिला अदालत में हुए हमले में बाल-बाल बच गया था।

## एनसीआर में 17 फरवरी से बंद होगा यह टोल प्लाजा, हजारों लोगों को मिलेगी टोल टैक्स से राहत



**नूंह, एजेंसी।** एनसीआर में रहने वालों के लिए बड़ी राहत देने वाली की खबर है। हरियाणा के नूंह में पुन्हाना-जुरहेड़ा रोड पर लोगों को जल्द टोल टैक्स से मुक्ति मिलने जा रही है। पुन्हाना-जुरहेड़ा रोड के टोल प्लाजा-42 को सोमवार 17 फरवरी की रात 12 बजे के बाद बंद कर दिया जाएगा। इसके बाद लोग बिना टोल टैक्स अदा किए यहां से आवाजाही कर सकेंगे, जिससे हजारों लोगों को राहत मिलेगी।

उपायुक्त विश्राम कुमार मीणा ने बुधवार को बयान जारी कर बताया कि हरियाणा के मुख्यमंत्री की घोषणा के तहत यह कार्रवाई की जा रही है। उपायुक्त ने बताया कि यह टोल प्लाजा 18 महीने की अवधि के लिए मैसर्स ए.एस. मल्टीपर्पज सर्विसेज को आवंटित किया गया था, जिसकी अवधि 17 फरवरी 2025 की रात 12 बजे खत्म हो रही है। इसको बंद करने के लिए इंजीनियर-इन-चीफ, पीडब्ल्यूडी (बीएंडआर) द्वारा भी आवश्यक निर्देश जारी कर दिए गए हैं।

टोल प्लाजा बंद होने के बाद यात्रियों को इस मार्ग पर टोल टैक्स नहीं देना पड़ेगा। मुख्यमंत्री द्वारा इस टोल को बंद करने की घोषणा पहले ही की जा चुकी थी, जिसे अब लागू किया जा रहा है। इस फैसले से पुन्हाना-जुरहेड़ा रोड से राजस्थान सीमा तक यात्रा करने वाले वाहन चालकों को राहत मिलेगी।

फरीदाबाद जिला चारों ओर से टोल से घिरा हुआ है, जिससे लोगों को यात्रा के दौरान कई जगह टैक्स चुकाना पड़ता है। गुरुग्राम जाने के लिए बंधवाड़ी के पास टोल देना पड़ता है। बल्लभगढ़ से सोहना जाने के लिए पाखल के पास टोल चुकाना होता है। इसी प्रकार दिल्ली के लिए बदरपुर बॉर्डर, पलवल के लिए गदपुरी टोल और दिल्ली-मुंबई एक्सप्रेसवे के लिए किरंज टोल मौजूद है।

**गुरुग्राम-फरीदाबाद रोड पर टोल हटाने की उम्मीद :** हरियाणा सरकार ने राज्य में कुछ टोल हटाने की घोषणा की थी, जिसके तहत जिला नूंह के जुरहेडा-पुनहाना रोड पर टोल 17 फरवरी की रात से हटा दिया जाएगा। वहीं, अब उम्मीद की जा रही है कि गुरुग्राम-फरीदाबाद और सोहना-बल्लभगढ़ रोड पर भी टोल खत्म किया जाए। लोगों की मांग है कि टोल से मुक्ति दिलाई जाए, क्योंकि यहां काफी वर्षों से टोल वसूला जा रहा है। लोगों की शिकायत है कि सोहना रोड पर टोल वसूला जा रहा है, लेकिन सड़क की हालत बेहद खराब है।

## 4 साल बाद तृणमूल से कांग्रेस में लौटे प्रणव मुखर्जी के बेटे अभिजीत मुखर्जी, बोले- गलती हो गई थी



**नईदिल्ली, एजेंसी।** पूर्व राष्ट्रपति प्रणव मुखर्जी के बेटे और पूर्व लोकसभा सांसद अभिजीत मुखर्जी ने 4 साल तृणमूल कांग्रेस में रहने के बाद वापस कांग्रेस का हाथ थाम लिया है। बुधवार को अभिजीत मुखर्जी पश्चिम बंगाल कांग्रेस मुख्यालय में पार्टी के राज्य यूनिट के आब्जर्वर गुलाम अहमद मीर की मौजूदगी में एक बार फिर कांग्रेस में शामिल हो गए। इस दौरान 65 वर्षीय अभिजीत मुखर्जी ने मीडिया से बातचीत करते हुआ कहा है कि कांग्रेस को छोड़ना एक गलती थी और उन्हें इस बात का पछतावा भी है। बता दें कि अभिजीत 2021 के बंगाल चुनावों के नतीजों के बाद ममता बनर्जी की पार्टी में शामिल हो गए थे कांग्रेस में दोबारा शामिल होने के बाद अभिजीत ने कहा, कांग्रेसी आदमी कांग्रेस में ही वापस आएगा यह नेचुरल है। मैं ये बोलना चाहता हूं कि मुझसे गलती हो गई थी। कांग्रेस छोड़ने का पछतावा है। उन्होंने आगे कहा, कांग्रेस के पास बंगाल में एक भी सीट नहीं है लेकिन इससे कोई फर्क नहीं पड़ता है। अगर हम शून्य को एक में भी बदल पाए तो यह हमारे लिए उपलब्धि होगी।

**2021 में थामा था तृणमूल कांग्रेस का हाथ :** अभिजीत मुखर्जी के राजनीतिक सफर की बात करें तो उन्होंने राजनीति में आने से पहले कई कॉर्पोरेट फर्मों के साथ काम किया है। वे 2012 में अपने पिता प्रणव मुखर्जी के राष्ट्रपति बनने के बाद बंगाल के जंगीपुर से सांसद चुने गए थे। अभिजीत मुखर्जी ने 2014 के लोकसभा चुनावों में उन्हें एक बार फिर जीत मिली थी। हालांकि ??2019 के चुनाव में वह तृणमूल कांग्रेस के खलीलुर रहमान से हार गए। 2021 के बंगाल चुनावों के बाद अभिजीत मुखर्जी तृणमूल कांग्रेस में शामिल हो गए। 2021 में तृणमूल ज्वॉइन करने वाले अभिजीत मुखर्जी की कांग्रेस में वापसी पार्टी की पश्चिम बंगाल में खोई हुई प्रतिष्ठा हासिल करने के में मदद कर सकती है। कांग्रेस पार्टी के लिए वह पूर्व राष्ट्रपति प्रणब मुखर्जी की विरासत का प्रतिनिधित्व करते हैं जो कांग्रेस के दिग्गज नेता रह चुके हैं। वहीं राजनीतिक विशेषज्ञों के मुताबिक पूर्व सांसद अभिजीत मुखर्जी की कांग्रेस में वापसी पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के लिए एक झटका हो सकता है।

# हिमाचल में हुई बर्फबारी, अगले तीन दिन मौसम साफ; कब बदलेगा मौसम



**शिमला, एजेंसी।** हिमाचल प्रदेश के ऊंचे इलाकों में बीती रात हल्की बर्फबारी दर्ज की गई। इससे तापमान में गिरावट आई है और ठंड का प्रकोप बढ़ गया है। किन्नौर, कुल्लू और लाहौल-स्पीति जिलों के ऊंचाई वाले क्षेत्रों में बर्फ की सफेद चादर बिछ गई है। कुल्लू के कोठी में 1 सेंटीमीटर और किन्नौर के कल्पा में 0.2 सेंटीमीटर बर्फबारी रिकॉर्ड की गई। हालांकि राज्य भर में आज बुधवार को मौसम साफ बना हुआ है। हिल स्टेशनों शिमला व मनाली में धूप निकलने से लोगों को सर्दी से राहत मिल रही है। लेकिन सुबह, शाम और रात के समय लोगों को कड़ाके की ठंड का सामना करना पड़ रहा है बर्फबारी के चलते रात के तापमान में गिरावट दर्ज की गई है। पिछले 24 घंटों में राज्य के औसतन न्यूनतम तापमान में 0.1 डिग्री की गिरावट आई है।

**चार स्थानों पर न्यूनतम तापमान माइनस में दर्ज :** प्रदेश के चार प्रमुख स्थानों पर न्यूनतम तापमान माइनस में दर्ज किया गया। जनजतीय जिला लाहौल-स्पीति का ताबो -8.5 डिग्री सेल्सियस के साथ सबसे ठंडा स्थान रहा। इसी जिले के केलंग और कूकुमसेरी में न्यूनतम तापमान क्रमशः -7.1 और -6.8 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। किन्नौर के कल्पा में तापमान -3 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया। इसके अलावा पर्यटन स्थलों पर भी ठंड का असर बरकरार है। मनाली में न्यूनतम तापमान 3.1 डिग्री, डलहौजी में 3.6 डिग्री और शिमला में 6.1 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया।

**मौसम विभाग का पूर्वानुमान, 16 फरवरी से फिर होगी बर्फबारी :** मौसम विज्ञान केंद्र शिमला के अनुसारप्रदेश में अगले तीन दिनों तक मौसम साफ रहेगा। 13, 14 और 15 फरवरी को शुष्क मौसम के आसार हैं। हालांकि 16 फरवरी से पश्चिमी विक्षोभ के सक्रिय होने की संभावना है, जिससे प्रदेश के मौसम में बदलाव देखने को मिल सकता है। मौसम विभाग शिमला के निदेशक कुलदीप श्रीवास्तव ने बताया कि 16 से 18 फरवरी तक प्रदेश के ऊंचे पहाड़ी इलाकों में बर्फबारी और मध्यवर्ती क्षेत्रों में वर्षा होने की संभावना है। हालांकि फिलहाल भारी बर्फबारी या वर्षा का अलर्ट नहीं जारी किया गया है। लेकिन तापमान में गिरावट के कारण ठंड बढ़ने की आशंका जताई गई है।

**शिमला और मनाली में बर्फबारी का इंतजार :** राज्य के हिल स्टेशन शिमला और मनाली में पर्यटक बर्फबारी का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। फरवरी महीने में अब तक इन दोनों स्थानों पर बर्फ नहीं गिरी है, जिससे सैलानियों की उम्मीदें धूमिल होती नजर आ रही हैं। शिमला और मनाली में बर्फबारी के बिना सर्दियों का मजा अधूरा सा लग रहा है। पिछले कल शिमला में बर्फ के फाहे गिरे लेकिन बर्फबारी नहीं हुई।



## आज से होगी डब्ल्यूपीएल-2025 की शुरुआत

नई दिल्ली, एजेंसी। महिला प्रीमियर लीग 2025 की शुरुआत कल यानी 14 फरवरी, गुरुवार से होगी. 2023 से शुरू हुए टूर्नामेंट का इस बार तीसरा सीजन खेला जाएगा. टूर्नामेंट का पहला मुकाबला डिफेंडिंग चैंपियन रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु और गुजरात जायंट्स के बीच खेला जाएगा. इस बार टूर्नामेंट के सभी 22 मुकाबले चार शहरों में खेले जाएंगे. तो आइए जानते हैं कि आप पूरा टूर्नामेंट फ्री में कहां और कैसे देख सकते हैं.

**कब से होगी टूर्नामेंट की शुरुआत?**

महिला प्रीमियर लीग 2025 की शुरुआत कल यानी 14 फरवरी, गुरुवार से होगी. टूर्नामेंट के सभी मुकाबले शाम साढ़े सात बजे से खेले जाएंगे.

**टीवी पर टूर्नामेंट कहां देखें लाइव?**

भारत में टीवी पर डब्ल्यूपीएल 2025 के मुकाबले स्पोर्ट्स 18 नेटवर्क के जरिए लाइव प्रसारित किए जाएंगे.


**फ्री में कहां होगी लाइव स्ट्रीमिंग?**

डब्ल्यूपीएल 2025 के मुकाबलों की फ्री लाइव स्ट्रीमिंग जियोसिनेमा के जरिए होगी. यहां फैंस मुकाबले एप और वेबसाइट पर देख सकेंगे.

किस फॉर्मेट में होगा टूर्नामेंट

पिछले दो सीजन की तरह इस बार भी टूर्नामेंट के फाइनल में जगह बनाने के लिए वैसा ही फॉर्मेट होगा. पांच टीमों वाले टूर्नामेंट के टेबल में ग्रुप स्टेज के आखिर में टॉप पर रहने वाली टीम सीधा फाइनल में जगह हासिल करेगी. बाकी दूसरे और तीसरे पायदान पर रहने वाली टीमें फाइनल के लिए एलिमिनेटर मुकाबला खेलेंगी. इस तरह टूर्नामेंट के लिए दो फाइनलिस्ट टीमें तय होंगी.

## कोहली के एशिया में 16 हजार रन पूरे, इंग्लैंड के खिलाफ टॉप इंडियन स्कोरर बने



अहमदाबाद, एजेंसी। भारत ने तीसरे वनडे में इंग्लैंड को 142 रन से हरा दिया। टीम ने अहमदाबाद का दूसरा हाईएस्ट टोटल 356 का स्कोर बनाया। शुभमन गिल ने 112 रन की पारी खेली। इंग्लैंड टीम 34.2 ओवर में 214 रन पर ऑलआउट हो गई।

बुधवार को रिकॉर्ड्स में विराट और गिल का नाम रहा। एशिया में विराट के 16 हजार रन पूरे हो गए। वे इंग्लैंड के खिलाफ सबसे ज्यादा रन बनाने वाले भारतीय बैटर भी बने। इसके अलावा, भारत ने इंग्लैंड के खिलाफ दूसरी सबसे बड़ी जीत दर्ज की। विराट कोहली इंटरनेशनल क्रिकेट में 3 अलग-अलग देशों के खिलाफ 4 हजार प्लस रन बनाने वाले पहले भारतीय बल्लेबाज बन गए। उन्होंने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ 5393, श्रीलंका के खिलाफ 4076 और इंग्लैंड के खिलाफ 4036 रन बना लिए हैं।

भारत लगातार 10 वनडे में टॉस हार चुका है। टीम ने अपना आखिरी टॉस 2023 वनडे वर्ल्ड कप के सेमीफाइनल में न्यूजीलैंड के खिलाफ वानखेड़े स्टेडियम में जीता था। भारत से पहले नीदरलैंड ने मार्च 2011 से अगस्त 2013 के बीच लगातार 11 टॉस हारे थे।

नेशनल गेम्सः

# भाला फेंक में सचिन, ऊंची कूद में पूजा और 5000 मीटर में बेरवाल को स्वर्ण पदक



देहरादून, एजेंसी। यादव ने 2015 में बनाए राजिंदर सिंह के 82.23 मीटर के राष्ट्रीय खेलों के पिछले रिकॉर्ड में सुधार किया। यादव का 84.39 मीटर अब चोपड़ा (89.94 मीटर), जेना (87.54 मीटर), शिवपाल सिंह (86.23 मीटर) और देविंदर सिंह कांग (84.57 मीटर) के बाद किसी भारतीय के करियर का पांचवां सर्वश्रेष्ठ थ्रो है।

उत्तर प्रदेश के भाला फेंक खिलाड़ी सचिन यादव, हरियाणा की 18 साल की ऊंची कूद खिलाड़ी पूजा सिंह और हिमाचल प्रदेश के लंबी दूरी के धावक सावन बेरवाल ने बुधवार को एथलेटिक्स प्रतियोगिता के अंतिम दिन राष्ट्रीय खेलों के नए रिकॉर्ड के साथ स्वर्ण पदक जीते। नीरज चोपड़ा और किशोर जेना जैसे स्टार खिलाड़ियों की गैरमौजूदगी में 25 साल के यादव ने अपने पांचवें और अंतिम प्रयास में भाले को 84.39 मीटर की दूरी तक फेंककर स्वर्ण पदक जीता। यादव ने 2015 में बनाए राजिंदर सिंह के 82.23 मीटर के राष्ट्रीय खेलों के पिछले रिकॉर्ड में सुधार किया। यादव का 84.39 मीटर अब चोपड़ा (89.94 मीटर), जेना (87.54 मीटर), शिवपाल सिंह (86.23 मीटर) और देविंदर सिंह कांग (84.57 मीटर) के बाद किसी भारतीय के कॅरिअर का पांचवां सर्वश्रेष्ठ थ्रो है। भाला फेंक का रजत और कांस्य भी उत्तर प्रदेश के नाम रहा। रोहित यादव ने 80.47 मीटर के साथ दूसरा जबकि विकास शर्मा ने 79.33 मीटर से तीसरा स्थान हासिल किया।

**राजमिस्त्री की बेटी पूजा ने स्वर्ण पदक को बरकरार रखा**

हरियाणा के फतेहाबाद जिले के एक राजमिस्त्री की बेटी पूजा ने 1.84 मीटर के प्रयास से 2023 सत्र में जीते महिलाओं की ऊंची कूद के स्वर्ण पदक को बरकरार रखा। उन्होंने 2022 में बंगाल की स्वप्ना बर्मन के 1.83 मीटर के राष्ट्रीय खेलों के पिछले रिकॉर्ड में सुधार किया। पूजा का निजी सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन 1.85 मीटर है जो राष्ट्रीय अंडर-20 रिकॉर्ड भी है। तमिलनाडु की गोबिका के (1.79 मीटर) ने रजत जबकि कर्नाटक की अभिन्या शेट्टी (1.77 मीटर) ने कांस्य पदक जीता।

**5000 मीटर दौड़ में बेरवाल ने जीता स्वर्ण**

बेरवाल ने 13 मिनट 45.93 सेकंड के साथ पुरुष 5000 मीटर दौड़ का स्वर्ण पदक जीता। उन्होंने सेना के जी लक्ष्मणन के 2015 में बनाए 13 मिनट 50.05 सेकंड के राष्ट्रीय खेलों के पिछड़ने रिकॉर्ड को बेहतर किया। यह बेरवाल का मौजूदा खेलों में दूसरा स्वर्ण और दूसरा राष्ट्रीय खेलों का रिकॉर्ड है। उन्होंने शनिवार को पुरुष 10 हजार मीटर स्पर्धा भी 28 मिनट 49.93 सेकंड के राष्ट्रीय खेलो के रिकॉर्ड समय के साथ जीती थी।

हरियाणा के गगन सिंह ने 14 मिनट 00.04 सेकंड के साथ रजत पदक जीता जबकि मध्य प्रदेश के सुनील डावर ने 14 मिनट 01.33 सेकंड के समय से कांस्य पदक हासिल किया।

महिला 400 मीटर बाधा दौड़ में तमिलनाडु की विथ्या रामराज ने 58.11 सेकंड के समय के साथ राष्ट्रीय खेलों का लगातार तीसरा स्वर्ण पदक जीता। उन्होंने 2022 और 2023 में भी स्वर्ण पदक जीते थे। इस स्पर्धा का 55.42 सेकंड का राष्ट्रीय रिकॉर्ड संयुक्त रूप से उनके और पीटी उषा के नाम है।

## गौतम गंभीर ने ऋषभ पंत को किया बाहर, चैंपियंस ट्रॉफी से पहले लिया चौंकाने वाला फैसला



नई दिल्ली, एजेंसी। इंग्लैंड के खिलाफ वनडे सीरीज जीतने के साथ ही टीम इंडिया के हेड कोच गौतम गंभीर ने बड़ा बयान दिया है. उन्होंने चैंपियंस ट्रॉफी में भारत के विकेटकीपर को लेकर बड़ा फैसला किया है. दरअसल, उन्होंने विकेटकीपर को लेकर जारी शंकाओं को दूर करने की कोशिश की है. गंभीर ने बताया कि केएल राहुल ही उनके फर्स्ट चॉइश विकेटकीपर हैं. और, उस सूरत में फिलहाल पंत का खेलना थोड़ा मुश्किल लग रहा है. चैंपियंस ट्रॉफी से पहले गंभीर का ये बयान क्रिकेट फैंस को चौंकाने वाला है.

हालांकि, गंभीर ने पंत को मौका दिए जाने से इनकार नहीं किया है. लेकिन, फिलहाल के लिए उन्होंने केएल राहुल को ही अपनी टीम का विकेटकीपर बताया है. गंभीर ने कहा कि राहुल उनके फर्स्ट चॉइश विकेट हैं और रहेंगे. उन्होंने आगे ये भी कहा कि टीम इंडिया एक साथ दो विकेटकीपर के साथ नहीं खेल सकती. अब इसका तो यही मतलब निकलता है कि चैंपियंस ट्रॉफी की प्लेइंग इलेवन में फिर पंत के लिए जगह बनती नहीं दिखती.

अब सवाल है कि केएल राहुल पर गौतम गंभीर के इस भरोसे की वजह क्या है? इसकी एक वजह दुबई में उनका बेहतर रिकॉर्ड हो सकता है. दूसरे वो मिडिल ऑर्डर को थोड़ा लचीला बनाते दिखते हैं. इंग्लैंड के खिलाफ वनडे सीरीज में ही इसकी मिसाल देखने को मिली, जहां वो टीम की जरूरत के मुताबिक कभी 5 नंबर तो कभी 6 नंबर पर बैटिंग करते दिखे.

### दुबई में राहुल का प्रदर्शन

बात अगर दुबई में खेले वनडे में केएल राहुल के प्रदर्शन की करें तो उन्होंने वहां 50 ओवर फॉर्मेट का सिर्फ 1 मैच खेला है, जिसमें उनकी बल्लेबाजी का औसत 60 का रहा है. केएल राहुल चैंपियंस ट्रॉफी 2025 के लिए चुनी टीम इंडिया के उन इक्के-दुक्के खिलाड़ियों में हैं. जिनके पास दुबई में वनडे खेलने का अनुभव है.

### ऋषभ पंत के साथ नहीं जाने की 'गंभीर' वजह!

अब सवाल है कि ऋषभ पंत भी तो मैच विनर हैं, फिर वो क्यों नहीं टीम इंडिया के फर्स्ट चॉइश विकेटकीपर? तो इसकी एक बड़ी वजह ये हो सकती है कि उनके पास दुबई में वनडे खेलने का अनुभव नहीं है. इसके अलावा पंत लेफ्ट हैंडर हैं. और, अगर टीम इंडिया की प्लेइंग इलेवन देखें तो उसमें जडेजा, अक्षर जैसे कई लेफ्ट हैंडर मौजूद हैं, जो टीम की जरूरत के हिसाब से परफॉर्म भी कर रहे हैं.

आईपीएल-2025ः

# आईपीएल से पहले बड़ा ऐलान, कोहली नहीं पाटीदार होंगे आरसीबी के नए कप्तान

नई दिल्ली, एजेंसी। रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु ने इंडियन प्रीमियर लीग 2025 से पहले नए कप्तान की घोषणा कर दी है। रजत पाटीदार को आगामी टी20 टूर्नामेंट के लिए टीम की कप्तानी सौंपी गई है। रजत पाटीदार के अलावा विराट कोहली और क्रुणाल पांड्या दो अन्य कप्तानी उम्मीदवार थे जिन्हें टीमों का नेतृत्व करने का अनुभव है। पाटीदार ने सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी और विजय हजारे ट्रॉफी में मध्य प्रदेश का नेतृत्व किया है। वहीं, क्रुणाल बड़ौदा के कप्तान रहे हैं।

राजेश मेनन ने प्रश्न के साथ कहा, हमारा अगला कप्तान कौन होगा? यह आसीबी के लिए एक महत्वपूर्ण निर्णय है। हमारे पास दिग्गज खिलाड़ी हैं। यह निर्णय बिल्कुल भी आसान नहीं है। इस पर आंतरिक और बाहरी रूप से विचार-विमर्श किया गया। हमें लगता है कि यह निर्णय फ्रैंचाइजी के लिए अगले कुछ वर्षों में अच्छा है। इसके बाद मेनन और रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु में क्रिकेट निदेशक ने घोषणा करते हुए कहा कि रजत पाटीदार को आरसीबी का कप्तान बनाया गया है।

वह विकसित हुआ है, उसके खेल में कई स्तरों पर सुधार हुआ है। उसने राज्य की टीम का नेतृत्व किया है। उसने दिखाया है कि फ्रैंचाइजी का नेतृत्व करने के लिए क्या करना पड़ता है। मैं प्रशंसकों से उसका समर्थन करने का अनुरोध करता हूं, और जानता हूं कि वह टीम के लिए सबसे अच्छा काम करेगा। चाहे कुछ भी हो सबसे महत्वपूर्ण बात टीम और फ्रैंचाइजी है। टीम, फ्रैंचाइजी को मेरी शुभकामनाएं और सभी के साथ काम करने का इंतजार है।



**विराट ने दी शुभकामनाएं**

कोहली ने घोषणा करते हुए कहा, आप सभी को बहुत-बहुत शुभकामनाएं। जिस तरह से आप आगे बढ़े हैं, आपने पूरे भारत में प्रशंसकों के दिलों में जगह बनाई है। यह बहुत ही योग्य है। मैं और टीम के अन्य सदस्य आपके पीछे खड़े होंगे। यह एक बड़ी जिम्मेदारी है। यह देखना कि कौन फ्रैंचाइजी को आगे ले जाएगा, आपके लिए बहुत बड़ा सम्मान है। मुझे यकीन है कि आप आगे बढ़ते रहेंगे।

### रजत कप्तान क्यों?

एंडी फ्लावर ने कहा, तीन मुख्य बातें साझा करने लायक हैं। पहली बात आईपीएल में शांत और सादगी की जरूरत होती है। यह उनके लिए बहुत फायदेमंद साबित होगी। दूसरी बात वह शांत हैं लेकिन अपने आस-पास के लोगों की परवाह करते हैं। इसका मतलब है कि उन्हें तुरंत ही दूसरे लोगों से सम्मान और देखभाल मिलेगी, एक नेता के तौर पर लोग उनके पीछे चलेंगे। तीसरी बात उनमें एक जिद्दीपन और दृढ़ता है। आप इसे उनके खेलने के तरीके और खेल को संभालने के तरीके में देख सकते हैं। मो बोबट ने कहा, नई टीम, नई कप्तानी, रजत के साथ जाना बहुत समझदारी भरा फैसला था। वह शांत, केंद्रित हैं और मुझे सबसे ज्यादा पसंद है कि वह दबाव में भी बहादुर हैं। उन्होंने हमारे लिए रन बरसाए हैं। वह टीम के लिए वाकई बहुत फायदेमंद साबित होंगे।

### क्या कोहली भी कप्तानी की दौड़ में थे?

मो बोबट ने कहा, एंडी और मैं खुद को खुशकिस्मत मानते हैं कि हमारे पास कई विकल्प थे। हम भारतीय विकल्प के लिए उत्सुक थे क्योंकि स्थानीय जानकारी रखने वाला कोई व्यक्ति हमारे लिए मददगार होता है। बेशक विराट एक विकल्प था। विराट को कप्तानी करने के लिए कप्तानी की जरूरत नहीं है।

# मोहम्मद रिजवान- सलमान आगा ने की रिकॉर्ड साझेदारी, टूट गया युवराज-धोनी का 8 साल पुराना ये बड़ा कीर्तिमान

**पाक वर्सेस साउथ अफ्रीका**

नई दिल्ली, एजेंसी। पाकिस्तान और साउथ अफ्रीका के बीच खेले गए मुकाबले में मोहम्मद रिजवान की कप्तानी में पाकिस्तान को 6 विकेट से जीत मिली और ये टीम ट्राई सीरीज के फाइनल में पहुंच गई। पाकिस्तान ने इस मैच में रिकॉर्ड रन चेज किया और इस टीम को जीत दिलाने में कप्तान मोहम्मद रिजवान और सलमान आगा की शतकीय पारी का बड़ा योगदान रहा। सलमान आगा को उनकी शतकीय पारी के लिए प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया। इस मैच में रिजवान ने 128 गेंदों पर 3 छक्के और 9 चौकों की मदद से नाबाद 122 रन की पारी खेली जबकि सलमान आगा ने 103 गेंदों पर 2 छक्के और 16 चौकों की मदद से 134 रन बनाए। इन दोनों बल्लेबाजों ने इस मुकाबले में चौथे विकेट के लिए 260 रन की साझेदारी कर दी और इसके दम पर उन्होंने युवराज सिंह और एमएस धोनी के 8 साल पुराने रिकॉर्ड को ध्वस्त कर दिया जो दोनों



बल्लेबाजों ने साल 2017 में इंग्लैंड के खिलाफ बनाया था। इस मैच में साउथ अफ्रीका ने पहले खेलते हुए 50 ओवर में 5 विकेट पर 352 रन बनाए और इसके जवाब में पाकिस्तान ने 49 ओवर में 6 विकेट पर 355 रन बनाकर मैच को जीत लिया और फाइनल में पहुंच गई। इस मैच के दौरान रिजवान और सलमान आगा के बीच चौथे विकेट के लिए 260 रन की साझेदारी हुई और ये वनडे इतिहास में चौथे विकेट के लिए दूसरी सबसे बड़ी साझेदारी थी। 260 रन की साझेदारी करते हुए इन दोनों ने युवराज सिंह और एमएस धोनी को पीछे छोड़ दिया जिन्होंने साल 2017 यानी 8 साल पहले चौथे विकेट के लिए वनडे में 256 रन की साझेदारी की थी।

### वनडे में चौथे विकेट के लिए सबसे बड़ी साझेदारी

275* रन - अजय जडेजा/अजहरुद्दीन बनाम जिम्मबाब्वे (1998)

260 रन - मोहम्मद रिजवान/सलमान आगा बनाम साउथ अफ्रीका (2025)

256 रन - एमएस धोनी/युवराज सिंह बनाम इंग्लैंड (2017)

252 रन - फाफ डुप्लेसिस/डेविड मिलर बनाम ऑस्ट्रेलिया (2018)

237 रन - रिकी पोंटिंग/एंड्रयू साइमंड्स बनाम श्रीलंका (2006)

## हम चैंपियंस ट्रॉफी का खिताब जीतने में सक्षम हैः शांतो

दुबई, एजेंसी। बंगलादेश के कप्तान नजमुल हुसैन शांतो ने कहा है कि उनकी टीम चैंपियंस ट्राफी का खिताब जीतने में सक्षम है। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार शांतों ने प्रतिद्वंद्वी टीमों को चेतावनी के लहज में कहा है कि उनकी टीम आगामी टूर्नामेंट में खिताब जीतने की सोच के साथ मैदान में उतरेंगी। शांतो का मानना है कि बंगलादेश की टीम का विश्वास बढ़ रहा है और उन्हें भरोसा है कि उनकी टीम 19 फरवरी से पाकिस्तान और संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) में होने वाले आठ टीमों के टूर्नामेंट में सबको चौंका सकती है। शांतो ने कहा, हम चैंपियंस ट्रॉफी में चैंपियन बनने जा रहे हैं। इस टूर्नामेंट में सभी आठ टीमें चैंपियन बनने की हकदार हैं। वे सभी बेहतरीन टीमें हैं। मेरा मानना है कि हमारी टीम में भी यह क्षमता है। उन्होंने कहा, हर कोई वास्तव में (चैंपियन बनना) चाहता है और अपनी क्षमताओं पर विश्वास करता है। हमें नहीं पता कि ऊपर वाले ने हमारे भाग्य में क्या लिखा है।



# टी20 के बाद वनडे सीरीज हारने पर पीटरसन ने इंग्लैंड को लताड़ा

अहमदाबाद, एजेंसी। पूर्व स्टार बल्लेबाज केविन पीटरसन ने भारत दौरे पर अभ्यास की कमी के लिए इंग्लैंड टीम पर निशाना साधते हुए कहा कि खिलाड़ियों को नेट गेंदबाजों का सामना करना चाहिए था और स्पिन खेलने की अपनी क्षमता पर काम करना चाहिए था। इंग्लैंड के लिए भारत का सीमित ओवरों का दौरा बेहद निराशाजनक रहा जिसमें टीम को टी20 श्रृंखला 1-4 से गंवाने के बाद एकदिवसीय श्रृंखला में 0-3 से क्लीनस्वीप का सामना करना पड़ा। इंग्लैंड ने कोलकाता में पहले टी20 मैच के साथ दौरे की शुरुआत से पहले दो ट्रेनिंग सत्र आयोजित किए जबकि दूसरे और तीसरे टी20 मैच से पहले उन्होंने क्रमशः चेन्नई और राजकोट में एक-एक ट्रेनिंग सत्र में हिस्सा लिया।

मेहमान टीम ने हालांकि पुणे और मुंबई में क्रमशः चौथे और पांचवें टी20 मैच से पहले ट्रेनिंग नहीं की। टीम ने कटक और अहमदाबाद में दूसरे और तीसरे एकदिवसीय मैच से पहले भी ट्रेनिंग सत्र आयोजित नहीं किए। निराश पीटरसन ने 'एक्स पर लिखा, 'मुझे खेद है, लेकिन मैं इस बात से पूरी तरह हैरान हूं कि इंग्लैंड ने पहला एकदिवसीय मैच हारने और




टी20 श्रृंखला गंवाने के बाद से एक भी अभ्यास सत्र आयोजित नहीं किया। यह कैसे हो सकता है? कैसे? मेरा मानना है कि नागपुर के बाद इस श्रृंखला में जो रूट एकमात्र खिलाड़ी थे जिन्होंने नेट अभ्यास किया।

इंग्लैंड की स्पिन का सामना करने में असमर्थता पूरी श्रृंखला में बड़ा मुद्दा रही और इसने अगले हफ्ते पाकिस्तान और यूएई में होने वाली चैंपियंस ट्रॉफी से पहले टीम के लिए गंभीर चिंताएं पैदा कर दी हैं। पीटरसन ने कहा, 'इस दुनिया में एक भी खिलाड़ी ऐसा नहीं है जो ईमानदारी से कह सके कि वे बिना अभ्यास के बेहतर हो सकते हैं जबकि वे हार रहे हैं। इंग्लैंड की टीम में एक भी खिलाड़ी ऐसा नहीं हो सकता जो भारत से रवाना होने वाले विमान में बैठकर खुद से कहे कि उन्होंने इंग्लैंड को जीतने में मदद करने के लिए हर संभव कोशिश की। उन्होंने कहा, 'और इसके कारण मैं आज शाम बहुत दुखी हूं।

हारना ठीक है अगर आप हर दिन बेहतर होने के लिए अपना सर्वश्रेष्ठ दे रहे हैं और अगर इंग्लैंड ने इस श्रृंखला के दौरान ट्रेनिंग नहीं की तो उन्होंने प्रयास नहीं किया। किसी भी इंग्लैंड प्रशंसक के लिए यह दुखद है। इंग्लैंड को बुधवार को तीसरे और अंतिम एकदिवसीय में 142 रन से हार का सामना करना पड़ा। इस दौरान कमेंट्री करने वाले पीटरसन ने बताया कि चोटिल जैकब बेथेल की जगह लेने वाले टॉम बैनटन ने मैच से पहले का दिन ट्रेनिंग करने के बजाय गोल्फ कोर्स पर बिताया। उन्होंने कहा, 'जब मैं क्रिकेट खेलता था तो कभी गोल्फ नहीं खेलता था। मैं नेट पर हजारों गेंदों का सामना करता था, यहां उपमहाद्वीप में सुधार करने की कोशिश करता था। इंग्लैंड में ब्रेक लो।

इंडिया वर्सेस पाकिस्तानः

# भारत-पाक मैच का टिकट लेकर बुरे फंसे फैंस, महामुकाबले से पहले आई बुरी खबर



नई दिल्ली, एजेंसी। आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी जैसे बड़े टूर्नामेंट में भारत और पाकिस्तान के महामुकाबले की उल्टी गिनती शुरू हो चुकी है. दोनों टीमें दुबई में भिड़ने वाली हैं. इस महामुकाबले के लिए बीते दिनों टिकट भी बेच दिए गए. अब बस फैंस को दोनों टीमों की टक्कर का इंतजार है. लेकिन इससे पहले फैंस के लिए एक बुरी खबर सामने आई है. दरअसल इस मैच के लिए फैंस को वीजा संबंधित मुश्किलों का सामना करना पड़ रहा है. मैच के लिए फैंस एक्साइटेड हैं लेकिन वीजा मुद्दों ने बुरी खबर सुना दी है. आइए जानते हैं कि आखिर किस टीम के फैंस को मुश्किलों का सामना करना पड़ रहा है.

भारत और पाकिस्तान का मैच चैंपियंस ट्रॉफी में 23 फरवरी को यूएई के दुबई में होने वाला है. भारत और पाकिस्तान दोनों ही देशों के हजारों फैंस अपनी-अपनी टीम को सपोर्ट करने के लिए दुबई पहुंचेंगे. हालांकि पाकिस्तानी फैंस को यूएई से वीजा नहीं मिल रहा है. ऐसे कई मामले सामने आए हैं जहां भारत-पाक मैच का टिकट होने के बावजूद पाकिस्तानियों का वीजा खारिज किया जा रहा है.

# सम्मान निधि का लाभ प्राप्त करने के लिए फॉर्मर रजिस्ट्री कराएं किसानः कलेक्टर



**पन्ना।** कलेक्टर सुरेश कुमार ने जिले के समस्त भूमिधारक किसानों से फॉर्मर रजिस्ट्री बनवाने का आग्रह किया है। उन्होंने कहा कि पन्ना जिले में फॉर्मर रजिस्ट्री के लिए अभियान के माध्यम से कार्यवाही की जा रही है। आगामी दिवसों में किसान सम्मान निधि के लाभ के लिए फार्मर रजिस्ट्री अनिवार्य होगी। किसान स्वयं के मोबाइल पर गूगल प्ले स्टोर के माध्यम से फार्मर रजिस्ट्री एमपी एप डाउनलोड कर फार्मर रजिस्ट्री का निर्माण कर सकते हैं। इसके अलावा पटवारी एवं स्थानीय युवाओं के सहयोग से निःशुल्क तथा सीएससी सेन्टर के माध्यम से भी सशुल्क फॉर्मर रजिस्ट्री बनवाने का कार्य कराया जा सकता है।

जिला कलेक्टर ने बताया कि इसके माध्यम से पीएम किसान योजना की किस्त पाने की आवश्यकता को पूरा करना आसान होगा। आगामी दिनों में 19वीं किस्त के वितरण के लिए भी यह जरूरी है। साथ ही किसानों को किसान क्रेडिट कार्ड, कृषि अवसंरचना निधि तथा अन्य कृषि विकास ऋण सहित अन्य योजनाओं का लाभ भी आसानी से मिल सकेगा। इसके अलावा न्यूनतम समर्थन मूल्य पर फसल खरीद के लिए किसानों का ऑनलाइन पंजीकरण किया जा सकेगा एवं सरकारी योजना का लाभ दिलाने में किसान रजिस्ट्री डेटा मददगार होगा। फसल बीमा का लाभ भी आसानी से मिलेगा। किसी आपदा की स्थिति में मुआवजे के लिए किसानों की पहचान करना भी आसान होगा। वर्तमान में लक्षित लगभग 1 लाख 72 हजार किसानों के विरूद्ध 61 हजार किसानों की फॉर्मर रजिस्ट्री का कार्य पूर्ण हो चुका है। फॉर्मर आईडी के लिए आधार कार्ड, समग्र आईडी, यूनिक मोबाइल नंबर एवं जमीन संबंधी जानकारी आवश्यक है। इन दस्तावेजों के साथ किसान मात्र दो मिनट में फॉर्मर रजिस्ट्री बनवा सकेंगे।

# लोक सेवा आयोग की प्रारंभिक परीक्षा के लिए वाहक दल का गठन

**पन्ना।** कलेक्टर सुरेश कुमार ने लोक सेवा आयोग की 16 फरवरी को आयोजित होने वाली राज्य सेवा एवं वन सेवा प्रारंभिक परीक्षा के लिए जिला कोषालय पन्ना से गोपनीय सामग्री प्राप्त कर परीक्षा केन्द्रों तक पहुंचाने और परीक्षा समाप्ति उपरांत वापस जिला कोषालय पन्ना में जमा कराने के लिए विशेष वाहक दल का गठन किया है। परीक्षा केन्द्र शासकीय मॉडल उ.मा. विद्यालय पन्ना के लिए गठित दल में जिला आपूर्ति अधिकारी देवेन्द्र खोबरिया, सहायक ग्रेड-3 धर्मेन्द्र शर्मा एवं भृत्य पुष्पेन्द्र सिंह लोध, शासकीय मनहर कन्या उ.मा. विद्यालय पन्ना के लिए गठित दल में कार्यपालन यंत्री ग्रामीण यांत्रिकी सेवा बी.डी. कोरी, सहायक ग्रेड-3 भूपेन्द्र कुमार खैरवार एवं भृत्य रमजान खान तथा शासकीय आर.पी. उ.मा. विद्यालय क्रमांक 2 के लिए गठित दल में जिला संयोजक आदिम जाति कल्याण आर.के. सतनामी, सहायक ग्रेड-3 संतोष राय एवं भृत्य रमन कुशवाहा की ड्यूटी निर्धारित की गई है।

## कर्मचारियों की ड्यूटी निर्धारित

**पन्ना।** कलेक्टर सुरेश कुमार ने तत्काल प्रभाव से रविवार को पीएससी की प्रारंभिक परीक्षा संपन्न कराने के उद्देश्य से कार्यालयीन एवं वित्त संबंधी कार्यों के लिए 15 एवं 16 फरवरी को कर्मचारियों की ड्यूटी निर्धारित की है। इसके लिए कलेक्ट्रेट की वरिष्ठ लिपिक शाखा में सहायक ग्रेड-2 बसंत कुमार राय, सहायक ग्रेड-3 आशीष कुमार रैकवार एवं सत्यम रेले तथा भृत्य मिलन प्रजापति एवं संतराम प्रजापति की ड्यूटी निर्धारित की गई है।

# पेड़ से टकराकर पलटी पिकअप, ड्राइवर की मौत, मालिक गंभीर

## जबलपुर से दवाई की खेप लेकर जा रहे थे लखनऊ

**सतना।** उचेहरा थाना अंतर्गत पाल्हनपुर के पास तेज रफ्तार पिकअप पेड़ से टकराकर पलट गई, जिसमें चालक की मौत हो गई, वहीं वाहन मालिक घायल हो गया। पुलिस ने बताया कि ड्राइवर रविशंकर पुत्र कमलेश ठाकुर 36 वर्ष, निवासी बीटी तिराहा, थाना गढ़ा, जिला जबलपुर, अपने मालिक आनंद राजपूत 42 वर्ष, के साथ पिकअप क्रमांक एमपी 20 जेडएन 8968 में जबलपुर से दवा की खेप लेकर लखनऊ जा रहा था।

बुधवार तडक़े नागौद रोड पर पाल्हनपुर छात्रावास के पास पहुंचते ही पिकअप अनियंत्रित होकर पेड़ से टकराने के बाद पलट गया। इस हादसे में ड्राइवर रविशंकर की घटनास्थल पर ही मौत हो गई, जबकि आनंद गंभीर रूप से घायल हो गया। दुर्घटना की सूचना मिलने पर पहुंची पुलिस ने पीड़ित को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया, जहां से उसे जिला चिकित्सालय भेज दिया गया। वाहन के दुर्घटनाग्रस्त होने से हजारों की दवाइयां भी बर्बाद हो गईं।

### दो बाइकों की भिड़ंत में एक मृत

कोटर थाना अंतर्गत बिहरा के पास दो बाइकों की भिड़ंत हो गई, जिसमें एक युवक की जान चली गई। पुलिस ने बताया कि लाला पुत्र स्वर्गीय रामदीन आदिवासी 30 वर्ष, निवासी टिकुरी, अपने छोटे भाई बच्चू आदिवासी 25 वर्ष, के साथ बाइक से उसकी ससुराल रगौली, जिला रीवा जा रहा था। बुधवार सुबह तकरीबन 10 बजे बिहरा में बैंक के पास पहुंचते ही सामने से आई दूसरी मोटरसाइकिल से सीधी भिड़ंत हो गई, जिसमें दो लोग सवार थे।

हादसे में चारों युवक बुरी तरह घायल हो गए, जिस पर उन्हें एंबुलेंस के जरिए जिला चिकित्सालय लाया गया। सतना पहुंचने पर ड्यूटी डॉक्टर ने लाला आदिवासी को मृत घोषित कर दिया, तो गंभीर स्थिति के चलते बच्चू को रीवा रेफर कर दिया। वहीं दूसरी बाइक में सवार युवकों को परिजन प्राइवेट हॉस्पिटल ले गए।

# पैरालीगल वॉलेंटियर्स के साथ की बैठक



**पन्ना।** आगामी 8 मार्च को जिले के समस्त न्यायालयों में वर्ष 2025 की प्रथम नेशनल लोक अदालत आयोजित की जाएगी। लोक अदालत के सफल क्रियान्वयन के लिए आज जिला न्यायालय के एडीआर सभागृह में पन्ना, पवई एवं अजयगढ़ के पैरालीगल वॉलेंटियर्स के साथ प्री-सिटिंग बैठक आयोजित की गई। इस मौके पर जिला विधिक सहायता अधिकारी एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के प्रभारी सचिव देवेन्द्र सिंह परस्ते ने वॉलेंटियर्स से नेशनल लोक अदालत के माध्यम से अधिकाधिक प्रकरणों का राजीनामा के जरिए निराकरण कराने के लिए आमजनों को प्रेरित करने के लिए कहा। साथ ही पक्षकारों से संपर्क स्थापित कर लोक अदालत के माध्यम से प्रकरणों के निराकरण पर मिलने वाले लाभ की जानकारी से अवगत कराने के दिशा निर्देश भी दिए। इसके अलावा डोर टू डोर अभियान संचालित कर ग्रामीण क्षेत्रों में नेशनल लोक अदालत के बारे में व्यापक प्रचार-प्रसार कराने तथा वॉलेंटियर्स की ड्यूटी के निर्देश भी दिए गए। इस दौरान प्रचार-प्रसार सामग्री का वितरण भी किया गया।

# नाबालिग ने बाजार में तूफानी रफ्तार पर जीप दौड़ाकर महिला को मारी टक्कर

**सतना।** सिटी कोतवाली थाना अंतर्गत झूलेलाल मंदिर के पास नाबालिग ने जीप को तूफानी रफ्तार में दौड़ाकर आधा दर्जन बाइक और साइकिल को रौंदने के साथ एक महिला को भी टक्कर मारकर घायल कर दिया। इस घटना से मार्केट में भगदड़ की स्थिति बन गई थी, जिस पर पुलिस ने अपराध दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।



पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक सोमवार दोपहर को तकरीबन साढ़े 3 बजे झूलेलाल मंदिर के पास लोग सामान्य तरीके से आवागमन कर रहे थे, तभी टिकुरिया टोला की तरफ से बिना नंबर की खुली जीप लेकर आए नाबालिग ने तेजी से गाड़ी चलाकर सडक़ किनारे खड़ी 3 बाइक और 3 साइकिलों को चपेट में लेते हुए हॉस्पिटल जा रही वर्षा पति राहुल वर्मा 28 वर्ष, को भी टक्कर मार दिया, जिससे महिला के पैर पर गंभीर चोट आ गई। टायर के नीचे बाइक फंसने से अंततः जीप रुक गई, जिसके बाद लोगों ने नाबालिग को नीचे उतारकर जमकर पीटा और फिर पुलिस के हवाले कर दिया।

### किराना दुकानदार ने सामान लाने दी गाड़ी

पूछताछ में नाबालिग ने बताया कि कंधी किराना स्टोर के संचालक ने बाजार से सामान लाने के लिए अपनी जीप उसे उपलब्ध कराई थी, लिहाजा बजरहा टोला होते हुए वह मार्केट जा रहे था, तभी क्लच के बजाय एस्केलेटर में पैर पड़ने से गाड़ी अनियंत्रित हो गई। इस मामले में महिला की शिकायत पर कायमी की गई है।

## उड़नदस्ता दल गठित

पन्ना

मध्यप्रदेश लोक सेवा आयोग इंदौर द्वारा रविवार, 16 फरवरी को जिले के तीन परीक्षा केन्द्रों पर राज्य सेवा एवं राज्य वन सेवा प्रारंभिक परीक्षा दो सत्रों में आयोजित की जाएगी। परीक्षा की गोपनीयता एवं नकल की रोकथाम के लिए संयुक्त उड़नदस्ता दल का गठन किया गया है। अनुविभागीय दण्डा अधिकारी पन्ना संजय कुमार नागवंशी को दल प्रभारी नियुक्त कर अनुविभागीय अधिकारी पुलिस एस.पी. सिंह बघेल, प्रभारी तहसीलदार सुरेन्द्र कुमार अहिरवार एवं थाना प्रभारी रोहित मिश्रा को संयुक्त उड़नदस्ता टीम में शामिल किया गया है। दल को समस्त परीक्षा केन्द्रों के संयुक्त निरीक्षण के निर्देश दिए गए हैं।

# जिला चिकित्सालय के पुराने दस्तावेजों का होगा विनिष्टीकरण

**पन्ना।** सिविल सर्जन सह मुख्य अस्पताल अधीक्षक डॉ. आलोक कुमार गुप्ता द्वारा समस्त नागरिकों को जिला चिकित्सालय पन्ना अंतर्गत विभिन्न अवधि तक के पुराने दस्तावेजों के विनिष्टीकरण कार्यवाही के संबंध में सूचित किया गया है। चिकित्सालय के विभिन्न वार्ड एवं शाखाओं के दस्तावेजों के खराब होने एवं वर्तमान में उपयोग न होने के कारण उक्त कार्यवाही की जाएगी। मरीज से संबंधित दस्तावेजों की आवश्यकता होने पर आमजन 15 दिवस में सिविल सर्जन कार्यालय में आवेदन प्रस्तुत कर सकते हैं। अधिक जानकारी के लिए कार्यालयीन समय में सिविल सर्जन कार्यालय पन्ना में संपर्क किया जा सकता है।

## स्वसहायता समूह की महिलाओं को किया जागरूक



**पन्ना।** वन स्टॉप सेंटर पन्ना द्वारा बुधवार को ग्राम पंचायत अहिरगवां में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। सखी सेंटर की प्रशासक कविता पाण्डेय एवं केस वर्कर शिवानी शर्मा ने समूह की महिलाओं को बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ, बाल विवाह की रोकथाम एवं साइबर क्राइम से बचाव के संबंध में जानकारी दी। साथ ही महिलाओं एवं बालिकाओं के अधिकार तथा सेंटर के माध्यम से प्रदान की जाने वाली सहायता और भूमिका के बारे में भी अवगत कराया गया।

# राष्ट्रीय राजमार्ग और स्टेट हाइवे पर हुईं दुर्घटनाएं

सतना

महाकुंभ के चलते प्रयागराज जाने और आने का सिलसिला लगातार चल रहा है। बड़ी संख्या में लोग सडक़ मार्ग से यात्रा कर रहे हैं, जिसके चलते आए दिन कई गंभीर दुर्घटनाएं भी घटित हो रही हैं। बीते 14 घंटों के भीतर अलग-अलग जगह 4 सडक़ हादसे सामने आए, जिनमें एक यात्री की मौत हो गई, वहीं 26 श्रद्धालु और एक स्थानीय बाइक सवार घायल हो गए। इनके अलावा मैहर का एक बाइक सवार भी जख्मी हुआ है।

कोठी पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक महाराष्ट्र के वासी जिला अंतर्गत ग्राम रिसोढ़ के लोग 6 फरवरी को कार से रवाना होकर अयोध्या, प्रयागराज और चित्रकूट में तीर्थाटन के बाद 9 फरवरी को वापस जा रहे थे। तब रविवार की रात तकरीबन 1 बजे स्टेट हाइवे पर बगिया के समीप तेज रफ्तार ट्रक ने सामने से टक्कर मार दी, जिससे कार सवार 4 यात्री घायल हो गए। दुर्घटना की सूचना मिलने पर पहुंची पुलिस ने एंबुलेंस से सभी को तुरंत जिला अस्पताल रवाना कर दिया, मगर सतना पहुंचते ही ड्यूटी डॉक्टर ने रोशन पुत्र दत्ताराव वाघ 24 वर्ष, को मृत घोषित कर दिया। तीन यात्री आनंद पुत्र महादेव मुट्टे 36 वर्ष, उमेश वाघ 42 वर्ष और रामगिरी 30 वर्ष, को भर्ती कर लिया गया।

मझगवां पुलिस ने बताया कि सोमवार की सुबह प्रयागराज से कुंभ स्नान कर दो गाडियों में सतना और पन्ना के लोग चित्रकूट के रास्ते वापस आ रहे थे, तभी लगभग 6 बजे पवरिया बाबा के पास वैन क्रमांक एमपी 20 सीएल 3356 को तेज रफ्तार कार ने पीछे से टक्कर मार दी, जिससे गाड़ी बेकाबू होकर सडक़ से नीचे झाडियों में उतर गई, तो पीछे वाली गाड़ी भी अनियंत्रित होकर रोड से नीचे चली गई। इस हादसे में सचिन गुप्ता 34 वर्ष, शिल्पी गुप्ता 33 वर्ष, प्रिया गुप्ता 11 वर्ष, साध्वी गुप्ता 10 वर्ष, निवासी रैगांव थाना सिंहपुर, नागेन्द्र कुशवाहा 16 वर्ष, ज्ञानेंद्र कुशवाहा 18 वर्ष, अंकित कुशवाहा 23 वर्ष, रामबाई कुशवाहा 75 वर्ष, निवासी देवेन्द्र नगर समेत एक अन्य यात्री घायल हो गए। सभी को पुलिस ने मझगवां अस्पताल में भर्ती कराया था।

मैहर पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक महाकुंभ के लिए महाराष्ट्र के वर्धा जिले से चार पहिया वाहन में सवार होकर प्रयागराज के लिए निकले श्रद्धालु जब सोमवार दोपहर को मैहर पहुंचकर अमरपाटन की तरफ बढ़े, तभी हाइवे पर अचानक सामने आए बाइक सवार को बचाने की कोशिश में गाड़ी अनियंत्रित होकर पलट गई। वाहन में तब एक दर्जन लोग बैठे थे, सभी को चोटें आईं, जिस पर उन्हें एंबुलेंस से सिविल अस्पताल ले जाया गया, जहां चाबुत लाल महाते 60 वर्ष, लीला कोल 60 वर्ष, सुमन वहारे 60 वर्ष और सविता 52 वर्ष, को गंभीर चोटों के चलते भर्ती कर लिया गया, वहीं अन्य को प्राथमिक उपचार के बाद छुट्टी दे दी गई।

चौथी सडक़ दुर्घटना मैहर जिले में ही घटित हुई, जहां राष्ट्रीय राजमार्ग-30 पर मैहर के पास बाइक और कार की भिड़ंत में तमिलनाडु के 4 यात्री घायल हो गए। पुलिस ने बताया कि कार क्रमांक टीएस 10 ईए 3268 में बैठकर सिकंदराबाद जिले के श्रद्धालु प्रयागराज से कुंभ स्नान कर घर लौट रहे थे। तब सोमवार दोपहर को हरनामपुर के पास बाइक से टक्कर हो गई, जिसको शिवकुमार पुत्र लक्ष्मण पटेल 58 वर्ष, निवासी सोनवारी चला रहे थे। दुर्घटना में बाइक सवार को गंभीर चोटें आईं, तो कार में बैठे यात्री भी घायल हो गए। सभी को एंबुलेंस की मदद से पुलिस ने हॉस्पिटल पहुंचाया।

# अलग-अलग थाना क्षेत्रों में नवविवाहिता समेत 3 ने निगला जहर, 2 की मौत


सतना

अलग-अलग थाना क्षेत्रों में नवविवाहिता समेत 2 छात्राओं ने जहरीला पदार्थ निगल लिया, जिनमें से 2 की मौत हो गई और एक की हालत चिंताजनक बनी हुई है, इन घटनाओं के सामने आने पर पुलिस मर्ग और अपराध दर्ज कर जांच में जुट गई है।

कोलगवां पुलिस ने बताया कि आकांक्षा तिवारी पति प्रद्युम्न पांडेय 23 वर्ष, निवासी लालपुर-कुलगढ़ी, थाना नागौद, हाल सराय कॉलोनी मैहर, ने अज्ञात कारणों के चलते रविवार शाम को घर में ही जहरीला पदार्थ निगल लिया। हालत बिगड़ने पर उसे सिविल अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद डॉक्टर ने सतना रेफर किया तो परिजन रात 10 बजे बिरला हॉस्पिटल ले आए। यहां पर इलाज के दौरान नवविवाहिता ने दम तोड़ दिया। सिटी कोतवाली पुलिस ने बताया कि लोहरौरा स्थित ननिहाल में रहकर प्राइवेट स्कूल से 11वीं की पढ़ाई कर रही 19 वर्षीय प्राची विश्वकर्मा पुत्री रमेश कुमार, निवासी सोनवारी, थाना मैहर, ने रविवार सुबह घर में जहरीला पदार्थ निगल लिया, जिस पर उसे गंभीर हालत में मामा हरेन्द्र विश्वकर्मा ने जिला अस्पताल लाकर भर्ती करा दिया। यहां पर उपचार के दौरान देर शाम युवती ने दम तोड़ दिया। बताया गया है कि आगामी 25 फरवरी से वार्षिक परीक्षा शुरू होने जा रही थी, जिसको लेकर वह तैयारियों में व्यस्त थी, मगर इसी बीच उसने जहर खाकर जान दे दी।

बदेरा थाना क्षेत्र के एक गांव की 18 वर्षीय युवती मैहर के घुरपुरा मोहल्ले में किराए पर कमरा लेकर रहने के साथ शासकीय महाविद्यालय से पढ़ाई कर रही है। सोमवार की दोपहर को उसने घर में रखी चूहामार दवाई निगल ली। हालत बिगड़ने पर मकान मालिक और पड़ोसी उसे तुरंत सिविल अस्पताल ले आए, जहां उपचार के बाद हालत खतरे से बाहर बताई गई है। पुलिस को दिए बयान में छात्रा ने बुखार की दवा के धोखे में कीटनाशक निगलने का खुलासा किया।

# भाजपा के आगामी कार्यक्रमों को लेकर बैठक सम्पन्न



**पन्ना।** भारतीय जनता पार्टी के आगामी कार्यक्रमों को लेकर जिला स्तरीय कामकाजी बैठक रविवार को जिला भाजपा कार्यालय मे सम्पन्न हुई। उक्त जानकारी देते हुए जिला भाजपा मीडिया प्रभारी दुर्गेश शिवहरे ने बताया कि इसमें जिला भाजपा अध्यक्ष बृजेंद्र मिश्रा ने मार्गदर्शन दिया। अध्यक्षता भाजपा प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य जय प्रकाश चतुर्वेदी ने की। बैठक मे मुख्य रूप से आजीवन सहयोग निधि (समर्पण निधि) का अधिक से अधिक संग्रह करने पर चर्चा हुई। तथा मोदी के मन की बात कार्यक्रम की समीक्षा की गई इस दौरान प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य जयप्रकाश चतुर्वेदी जिला महामंत्री दीपेंद्र सिंह बुंदेला उपाध्यक्ष सुशील त्रिपाठी उपस्थित रहे। भाजपा जिलाध्यक्ष बृजेंद्र मिश्रा ने बैठक मे कहा कि समर्पण निधि एकत्रित करने की शुरुआत सबसे पहले मध्यप्रदेश से स्वर्गीय कुशाभाऊ ठाकरे ने की थी। बाद मे इसे देश स्तर पर विस्तारित किया गया। समर्पण निधि एकत्र करने का कार्य संग्रह का नहीं अपितु अनुष्ठान है इसमें सभी कार्यकर्ता समर्पण भाव से जुड़ जाए।

# दो लाख की ठगी पर सीआईडी का फर्जी एसआई गिरफ्तार

**सतना।** रेप केस में गिरफ्तारी के बाद जेल भेजे गए आरोपी को बचाने का झांसा देकर उसके परिजनों से 2 लाख की ठगी करने वाले फर्जी पुलिसकर्मी को नागौद पुलिस ने गिरफ्तार कर सलाखों के पीछे पहुंचा दिया है। आरोपी के कब्जे से 7 लाख की कार और दूसरे पुलिस कर्मचारी का परिचय पत्र भी बरामद किया गया है। टीआई अशोक पांडेय ने बताया कि तुरकहा निवासी अतुल गौतम 30 वर्ष, के खिलाफ बीते 20 जनवरी को सिविल लाइन थाने में नाबालिग से छेडख़ानी, दुष्कर्म, गाली-गलौज और हत्या की धमकी देने का अपराध पंजीबद्ध किया गया था, जिसमें आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया। इस प्रकरण के अगले दिन जब उसकी मां सुशीला गौतम 55 वर्ष, घर पर अकेली थी, तभी एक युवक घर पहुंचा और खुद को सीआईडी का सब इंस्पेक्टर बताते हुए 3 जिलों का प्रभार अपने पास होने की बात कही। उसने अतुल को रेप केस से बचाने का दावा करते हुए 2 लाख की व्यवस्था करने के लिए कहा, तो महिला ने बातों में आकर पैसे दे दिए, लेकिन बेटा नहीं छूटा। तब उन्होंने पति केदार प्रसाद गौतम और छोटे बेटे अमन गौतम को पैसों के लेनदेन से अवगत करा दिया। 20 दिन बाद कथित पुलिसकर्मी ने महिला के मोबाइल पर फोन कर अधिकारियों को खिलाने के लिए और पैसों की जरूरत बताई, तो सुशीला ने पति और बेटे से चर्चा के बाद चेक देने का आश्वासन दिया। ऐसे में पहली बार पैसे ऐंठने में कामयाब रहा ठग 9 फरवरी की सुबह पुलिस की स्टीकर लगी कार क्रमांक जेडसी 5457 में पुलिस की वर्दी और टोपी पहनकर तुरकहा पहुंच गए, जहां पहले से सतर्क गौतम परिवार ने पुलिस को बुलाकर आरोपी को पकड़वा दिया, जिसकी पहचान कृपाशंकर उर्फ पप्पू पुत्र जयकरण मिश्रा 37 वर्ष, निवासी करही रोड, थाना सिविल लाइन, के रूप में की गई।



आरोपी कृपाशंकर की तलाशी लेने पर प्रधान आरक्षक पंकज मिश्रा के नाम का परिचय पत्र मिला, जिसके संबंध में पूछताछ से पता चला कि पंकज रिश्ते में आरोपी का चचेरा भाई है, जो कि क्राइम ब्रांच इंदौर में कार्यरत है, जबकि आरोपी के पिता केदार प्रसाद गौतम एसएएफ के कंपनी कमांडर के पद से रिटायर हुए थे। ऐसे में उसने कार पर पुलिस का स्टीकर भी लगा लिया था। आरोपी युवक रेप केस की पीड़िता के परिवार से परिचित था, जिसके चलते उसे प्रकरण की पूरी जानकारी थी। इसी बात का फायदा उठाकर आरोपी ने जेल में बंद अतुल के परिजनों को झांसा देकर 2 लाख ऐंठ लिए, मगर और ज्यादा पैसों के लालच में खुद भी सलाखों के पीछे पहुंच गया। इस कार्रवाई में थाना प्रभारी के साथ एसआई रंगदेव सिंह, प्रधान आरक्षक निरंजन मेहरा, आरक्षक शैलेन्द्र गुर्जर, अनुराग पांडेय और संजय सिंह ने अहम भूमिका निभाई।

# सिटी टाइगर

विन्ध्य टाइगर सीधी, शुक्रवार 14 फरवरी 2025



उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल ने महाकुंभ मेला क्षेत्र प्रयागराज में श्री कार्ष्णि आश्रम (रमणरेती धाम) में कार्ष्णिपीठाधीश्वर श्री गुरुशरणानंद जी महाराज से भेंट कर उनका आशीर्वाद लिया। उसी अवसर का दृष्य।



## मातृ मृत्यु दर व शिशु मृत्यु दर में कमी के लिये समन्विय प्रयास आवश्यक

### गर्भवती माताओं का शत-प्रतिशत पंजीयन हो, प्रतिमाह उन्हें स्वास्थ्य सुविधाएँ मिलें : उप मुख्यमंत्री



**रीवा।** उप मुख्यमंत्री श्री राजेन्द्र शुक्ल ने कहा कि मातृ मृत्यु दर व शिशु मृत्यु दर में कमी लाने के लिये स्वास्थ्य एवं महिला बाल विकास विभाग को समन्वित प्रयास करना होगा। ग्रामीण क्षेत्र में स्वास्थ्य कार्यकर्ताएँ व आंगनवाड़ी कार्यकर्ता गर्भवती महिलाओं का शत-प्रतिशत पंजीयन करें तथा प्रतिमाह उन्हें चिकित्सा सुविधा मुहैया कराई जाय। उप मुख्यमंत्री ने संभाग स्तरीय बैठक में स्वास्थ्य सूचकांक के अनुपात में रीवा संभाग में एएनसी पंजीयन व संस्थागत प्रसव सहित स्वास्थ्य सुविधाओं की विस्तार से समीक्षा की।

कमिश्नर कार्यालय सभागार में आयोजित बैठक में उप मुख्यमंत्री एवं लोक स्वास्थ्य चिकित्सा शिक्षा मंत्री श्री राजेन्द्र शुक्ल ने कहा कि हमारे प्रदेश की मातृ मृत्यु दर व शिशु मृत्यु दर में देश में स्थिति ठीक नहीं है इसमें बहुत अधिक सुधार की आवश्यकता है। इसलिए आवश्यक है कि स्वास्थ्य विभाग का मैदानी अमला पूरी संवेदनशीलता के साथ घर-घर जाकर गर्भवती माताओं का शत-प्रतिशत पंजीयन करते हुए उन्हें प्रतिमाह व तिमाही में मिलने वाली स्वास्थ्य सुविधाएँ दें तथा उनकी जांच कराये ताकि वह महिलाएँ हाईरिस्क में न जा पाये। उन्होंने कहा कि हाईरिस्क में यदि गर्भवती महिला पहुंचती है तो उसको समय समय पर उपचार दिया जाय। तदुपरांत उसका संस्थागत प्रसव कराकर सुरक्षित किया जाय।

उप मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश में स्वास्थ्य के क्षेत्र में अधोसंरचना विकास के अनेक कार्य संचालित हैं। ग्रामीण व शहरी क्षेत्रों में अस्पताल भवनों के निर्माण के साथ ही पर्याप्त दवाइयों की उपलब्धता, डॉक्टर्स व पैरामेडिकल स्टाफ की नियुक्ति के कार्य प्राथमिकता से किये जा रहे हैं। जरूरत इस बात की है कि मैदानी अमला पूरी निष्ठा से कार्य करें तथा जिला एवं विकासखण्ड स्तरीय अधिकारी गंभीरता से मानीटरिंग करें व क्षेत्र का नियमित भ्रमण करें। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना के तहत प्रतिमाह की 9 एवं 25 तारीख को दी जाने वाली स्वास्थ्य सुविधाओं की मानीटरिंग की जाय ताकि इसका अधिक से अधिक आउटपुट निकले। उप मुख्यमंत्री ने अपेक्षा की कि गर्भवती महिलाओं के परिजनों को भी उसके स्वास्थ्य का ध्यान रखने के लिये जागरूक किया जाय जिससे जच्चा व बच्चा स्वस्थ्य रहे।

उप मुख्यमंत्री ने बैठक में कलेक्टर्स से अपेक्षा की कि वह क्षेत्र का भ्रमण कर स्वास्थ्य सुविधाओं की मानीटरिंग करें। क्लस्टर स्तर पर बैठकें आयोजित कर आने वाली कमियों को समन्वय व मानीटरिंग कर दूर करने का प्रयास करें। उन्होंने रीवा संभाग का व्हाट्सअप ग्रुप बनाकर स्वास्थ्य क्षेत्र में प्रगति की नियमित जानकारी शेयर करने के भी निर्देश दिये। उप मुख्यमंत्री ने अपेक्षा की कि रीवा संभाग में समन्वित प्रयासों से शिशु मृत्यु दर व मातृ मृत्यु दर में कमी लाने में सफलता मिलेगी और इसकी लिये प्रतिमाह रिव्यू बैठक की जायेगी।

रीवा संभाग के कमिश्नर श्री बीएस जामोद ने कहा कि क्लस्टर स्तर पर बैठकें कर स्वास्थ्य सुविधाओं की नियमित मानीटरिंग की जायेगी साथ ही मैदानी अमला पूरी तरह अपने कार्य में मुस्तैद रहे यह प्रयास पूर्णतः होंगे। हाईरिस्क में गर्भवती महिला न पहुंचे इसलिए उसका शत प्रतिशत पंजीयन कराकर स्वास्थ्य सुविधाएँ उपलब्ध कराई जायेगी।

उन्होंने आश्वस्त किया कि संभाग में हर स्तर पर समुचित ढंग से मानीटरिंग कर शिशु मृत्यु दर व मातृ मृत्यु दर में कमी लायी जायेगी। बैठक में कलेक्टर सतना डॉ. सतीश कुमार एसजी ने अपने सुझाव दिये। इस दौरान कलेक्टर मऊगंज अजय श्रीवास्तव, कलेक्टर मैहर रानी वाटड, सीईओ जिला पंचायत रीवा एवं सीधी उपस्थित रहे।

## रेडक्रास समिति ने तीर्थयात्री के पार्थिव शरीर को पंहुचाया कर्नाटक

**रीवा।** प्रयागराज महाकुंभ में शामिल होने के लिए दक्षिण भारत की तीर्थयात्री रीवा से होकर प्रयागराज पहुंच रहे हैं। कर्नाटक के बीदर जिले के तीर्थयात्रियों की कार 11 फरवरी को रायपुर कर्चुलियान के पास दुर्घटनाग्रस्त हो गई। इस दुर्घटना में तीर्थयात्री संग शेट्टी का दुखद निधन हो गया। जिला रेडक्रास समिति ने एंबुलेंस उपलब्ध कराकर दिवंगत के घर 1050 किलोमीटर दूर पार्थिव शरीर को पहुंचाया। इस संबंध में रेडक्रास समिति के अध्यक्ष डॉ प्रभाकर चतुर्वेदी ने बताया कि पार्थिव शरीर को 24 घंटे की समय सीमा में पहुंचाने के लिए चालक सुनील सोंधिया और मनोज सोंधिया ने लगातार वाहन चलाया। उनके परिश्रम से तीर्थयात्री का पार्थिव शरीर कनार्टक पहुंच सका। कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल तथा पुलिस अधीक्षक विवेक सिंह ने दोनों चालकों को इसके लिए धन्यवाद ज्ञापित किया है।

## राष्ट्रीय न्यास लोकल लेवल कमेटी की बैठक संपन्न



**रीवा।** अपर कलेक्टर श्रीमती स्थापना त्रिपाठी की अध्यक्षता में राष्ट्रीय न्यास लोकल लेवल कमेटी की बैठक संपन्न हुई। बैठक में विधिक संरक्षण के प्राप्त 11 आवेदनों का अनुमोदन किया गया। जनसुनवाई में प्राप्त लीगल गार्जियनशिप के आवेदन को भी अनुमोदित करने की सर्वानुमति बैठक में रही। कलेक्ट्रेट के बाणसागर सभागार में आयोजित बैठक में बताया गया कि राष्ट्रीय न्यास स्वास्थ्य निरामया योजनान्तर्गत 217 हितग्राहियों का बीमा किया गया तथा 50 विधिक संरक्षता के प्रमाण पत्र संबंधितों को वितरित किये गये। बैठक में सुझाव दिया गया कि बसों में दिव्यांगजनों को किराये में छूट के प्रावधान के साथ ही बसों में चढ़ने उतरने के लिये सुविधा की व्यवस्था सुनिश्चित कराई जाय। इस दौरान पूर्व में जारी किये गये विधिक संरक्षक की मृत्यु होने के कारण नये विधिक संरक्षक के अनुमोदन पर भी चर्चा की गई। बैठक में संयुक्त संचालक सामाजिक न्याय अनिल दुबे, सहायक संचालक महिला एवं बाल विकास आशीष दुबे रेडक्रास चेयरमैन रेडक्रास सोसायटी डॉ. प्रभाकर चतुर्वेदी, सचिव डॉ. विनोद श्रीवास्तव, डॉ. ए.के. खान सहित समिति के सदस्य उपस्थित रहे।

## युवा संगम कार्यक्रम 17 फरवरी को

### युवा संगम अन्तर्गत रोजगार मेले में 11 कंपनियों द्वारा किया जाएगा युवाओं का चयन

**रीवा।** स्थानीय शासकीय आईटीआई में 17 फरवरी को प्रातः 11 बजे से दोपहर 2 बजे तक युवा संगम कार्यक्रम आयोजित किया गया है। युवा संगम कार्यक्रम के तहत आयोजित रोजगार मेले में जिले के बेरोजगार युवक-युवतियों को रोजगार के अवसर उपलब्ध कराए जाएंगे। इस संबंध में उप संचालक रोजगार अनिल दुबे ने बताया कि रोजगार मेले में 11 कंपनियों एवं नियोजकों द्वारा युवाओं का चयन किया जाएगा। मेले में शामिल होने के लिए विभिन्न कंपनियों हेतु युवक एवं युवतियों की आयु सीमा 18 से 48 वर्ष के बीच निर्धारित की गई है। वेतन एवं भत्ते 5 हजार रुपए से 25 हजार रुपए तक निर्धारित किया गया है। वेतन एवं भत्ता तथा आयु सीमा विभिन्न कंपनियों में अलग-अलग होगी। युवाओ को अपने साथ मूल अंकसूची तथा निवास प्रमाण पत्र की छायाप्रति, आधार कार्ड या वोटर आईडी, रोजगार कार्यालय का जीवित पंजीयन एवं नवीनतम दो पासपोर्ट साइज के फोटो लेकर आना अनिवार्य होगा।

उप संचालक ने बताया कि रोजगार मेले में टाटा मोटर ऑटो मोबाइल कंपनी अहमदाबाद गुजरात, ख्याति शील्ड ग्लोबल रिच रायपुर छत्तीसगढ़, प्राकृतशील बॉयोटेक प्रा. लि. सवेरा होटल के पास सतना, यशस्वी ग्रुप भोपाल, बोनटन टेक्नोमेक फर्नीचर प्रा. लि. (आईसेक्ट) इंदौर, प्रगतिशील एग्रोटेक रीवा, प्रगतिशील बायोटेक रीवा, फूड प्रोड्क्टस उद्योग विहार चोरहटा, आर्मस ग्रुप, एलाइड रिसोर्स मैनेजमेंट सर्विसेज इंडिया, डीएमसी फिनिसिंग स्कूल प्राइवेट लिमिटेड पूणे तथा एचडीएफसी लाइफ इश्योरेन्स कंपनी लिमि. रीवा में रोजगार के अवसर उपलब्ध रहेंगे।

## खाद्य सुरक्षा की टीम ने लिए खाद्य पदार्थों के नमूने, जप्त किया सिलेण्डर



**रीवा।** महाकुंभ में तीर्थयात्रियों को उचित दर पर तथा शुद्ध सामग्री उपलब्ध कराने एवं ठहरने की व्यवस्था के संबंध में कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल ने आदेश दिए हैं। इस संबंध में खाद्य सुरक्षा अधिकारियों द्वारा खाद्य पदार्थों के नमूने लेकर होटलों पर लगातार कार्यवाही की जा रही है। खाद्य सुरक्षा अधिकारी अम्बरीश दुबे ने बताया कि खाद्य सुरक्षा, नागरिक आपूर्ति निगम तथा मापतौल विभाग की संयुक्त टीम ने पड़रा रीवा स्थित एकेएस होटल में जाँच की। होटल के किचन में शाकाहारी तथा मांसाहारी खाद्य पदार्थ एक ही फ्रिज में रखा पाया गया। इसे गंभीर अनियमितता मानते हुए होटल के संचालक आकाश सिंह के विरूद्ध खाद्य सुरक्षा मानक अधिनियम के तहत प्रकरण दर्ज किया गया। होटल में अमानक नापतौल कांटा पाए जाने पर नापतौल निरीक्षक ने जप्त करने की कार्यवाही की। होटल नमः कोर्टयर्ड में खाद्य सुरक्षा अधिकारियों ने पनीर, दही तथा अजवाइन के नमूने लिए। इनकी जाँच की जा रही है। यहाँ भी अप्रमाणित तौल कांटा पाए जाने पर उसे जप्त किया गया।

कलेक्टर के निर्देश पर संयुक्त टीम ने होटल मार्तण्ड में पनीर, दही तथा मावा के नमूने लिए। इन नमूनों की जाँच की जा रही है। यहाँ भी तौल कांटे अमानक पाए जाने पर उसे जप्त करने की कार्यवाही की गई। टीम ने रीवा-प्रयागराज मार्ग में स्थित कई ढाबों में भी जाँच की। ऋषि मिश्रा ढाबा गंगातीरे में कोल्डड्रिंक्स अधिक दाम में बेचे जाने पर प्रकरण दर्ज किया गया। खाद्य सुरक्षा अधिकारियों ने ढाबे से दही, पनीर और नमकीन के नमूने लेकर जाँच के लिए भेजा। ढाबे में घरेलू रसोई गैस सिलेण्डर उपयोग करते पाए जाने पर प्रकरण दर्ज कर सिलेण्डर जप्त किया। होटलों और ढाबों को लगातार निरीक्षण किया जा रहा है। संयुक्त टीम में खाद्य सुरक्षा अधिकारी अम्बरीश दुबे, साबिर अली, नापतौल सहायक नियंत्रक विजय खातरकर तथा नापतौल निरीक्षक सचिन सोनी शामिल रहे। टीम में सहायक आपूर्ति अधिकारी सुभाष द्विवेदी एवं अनमोल जैन भी शामिल रहे।

## प्रोत्साहन राशि स्वीकृत

**रीवा।** राज्य सिविल सेवा की परीक्षा में सफल होने पर अनुसूचित जाति के अभ्यर्थियों को 55 हजार रूपये की प्रोत्साहन राशि स्वीकृत की गई है। जिला संयोजक अनुसूचित जाति एवं जनजातीय कार्य विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार कैलाश वर्मा निवासी बदवार को बीस हजार रूपये बालेन्द्र कुमार निवासी जनेह को बीस हजार रूपये तथा कल्पना प्रजापति निवासी उमरी को पन्द्रह हजार रूपये प्रोत्साहन राशि के तौर पर मंजूर किये गये हैं।

## खनिज विभाग ने पकड़े चार वाहन



**रीवा।** खनिज विभाग द्वारा कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल के निर्देश पर विभिन्न स्थानों में वाहनों की जांच की गई। जांच में खनिज , बोल्डर, पत्थर का अवैध परिवहन करते दो वाहनों को बेला बैजनाथ ग्राम में जप्त किया गया। इसी प्रकार गिट्टी का अवैध परिवहन करते हुए दो वाहनो को जप्त किया जाकर थाना सिविल लाइन की सुपुर्दगी में दिया गया। जप्त किए गए सभी वाहनों पर खनिज नियमों के तहत अर्थदंड प्रस्तावित कर प्रतिवेदन कलेक्टर के समक्ष प्रस्तुत किए जाएंगे।

## मऊगंज मुख्यालय में सप्ताह में दो दिन रहेगा मेडिकल बोर्ड

**रीवा।** मऊगंज जिले के नागरिकों की सुविधा को दृष्टिगत रखते हुए जिला मुख्यायल में सप्ताह में दो दिन मेडिकल बोर्ड बैठेगा। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. संजीव शुक्ला ने बताया कि प्रथम गुरूवार व तृतीय गुरूवार को प्रातः 10.30 बजे से अपरान्ह 3 बजे तक मेडिकल बोर्ड में नियुक्त डाक्टर्स सिविल अस्पताल मऊगंज में उपस्थित रहकर आम नागरिकों की बोर्ड से संबंधित कार्यवाही पूर्ण करेंगे।

## पुलिस ने हत्या के फरार आरोपी को किया गिरफ्तार

**रीवा।** दिनांक 06.01.025 को आरोपीगण चक्रधर गौतम एवं विशेष गौतम के व्दारा पारिवारिक जमीनी हिस्सा बटनवारा को लेकर मृतक शिष्टधर गौतम पिता स्व. अयोध्याप्रसाद गौतम उम्र 55 वर्ष निवासी ग्राम कठमना थाना गढ जिला रीवा के पेट में चाकू मारकर हत्या कारित की गई थी रिपोर्ट पर अप.क्र.- 07/2025धारा 103(1),3(5) बीएनएस धारा का प्रकरण पंजीबद्ध कर मौके से एक आरोपी चक्रधर गौतम पिता अयोध्या प्रसाद गौतम निवासी कठमना को गिरफ्तार कर केन्द्रीय जेल रीवा भेजा गया था जो एक आरोपी विशेष गौतम पिता गोपिका प्रसाद गौतम उम्र 30 वर्ष निवासी ग्राम कठमना घटना के बाद से फरार हो गया था जिसकी पता तलाश दौरान दिनांक 12.02.2025 को मुखबिर सूचना के आधार पर कठमना से गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय सिरमौर पेश कर केन्द्रीय जेल रीवा भेजा दिया गया है। गिरफ्तार आरोपी में आरोपी विशेष गौतम पिता गोपिका प्रसाद गौतम उम्र 30 वर्ष निवासी ग्राम कठमना।

महत्वपूर्ण भूमिका में थाना प्रभारी अवनीष पाण्डेय, उनि. आरबी सिंह, प्रआर. 741 धर्मेन्द्र व्दिवेदी प्रआर. 570 विजय मिश्रा आर.258 समर पटेल आर. 1029 रवि तिवारी, आर. 1167 पवन सत्यार्थी की सराहयनी भूमिका रही है।

## जिला नजूल निर्वर्तन समिति की बैठक 17 फरवरी को

**रीवा।** कलेक्टर मऊगंज अजय श्रीवास्तव की अध्यक्षता में जिला नजूल निर्वर्तन समिति की बैठक 17 फरवरी को दोपहर 12 बजे से आयोजित की गई है। मऊगंज कलेक्ट्रेट में आयोजित बैठक में शासकीय नजूल भूमि आवंटन के प्रकरणों का निराकरण किया जायेगा। बैठक में संबंधित अधिकारियों को उपस्थिति के निर्देश दिये गये हैं।

## कमिश्नर की अध्यक्षता में टीएल बैठक आज

### अल्प विराम परिचय कार्यशाला का आयोजन

**रीवा।** कमिश्नर रीवा संभाग बी.एस. जामोद की अध्यक्षता में 14 फरवरी प्रातः 10 बजे से टीएल बैठक का आयोजन किया गया है। टीएल बैठक के उपरांत संभागीय स्तरीय अधिकारियों के लिए राज्य आनंद संस्थान भोपाल के सौजन्य से अल्प विराम परिचय कार्यशाला का आयोजन भी किया गया है। कार्यशाला में चयनित प्रतिभागियों को संस्थान की तरफ से प्रमाण भी प्रदान किये जायेंगे। बैठक में संभाग स्तरीय अधिकारियों को अनिवार्यतः उपस्थिति के निर्देश दिये गये हैं।

## मऊगंज में विजन डॉक्यूमेंट के लिए सुझाव आमंत्रित

**रीवा।** मऊगंज जिले में स्वतंत्रता के सौ वर्ष के संबंध में विजन डिस्ट्रिक्ट 2047 प्लान तैयार किया जा रहा है। इस विजन डॉक्यूमेंट के संबंध में आम नागरिकों तथा विद्यार्थियों से सुझाव आमंत्रित किए गए हैं। इस संबंध में कलेक्टर अजय श्रीवास्तव ने बताया कि मऊगंज जिले के विकास के संबंध में टेलीफोन नम्बर 07663-796285 पर सुझाव दिए जा सकते हैं।

## शांति और सद्भाव के साथ सभी त्यौहार मनाएं : अपर कलेक्टर

### सभी त्यौहारों में सुरक्षा और यातायात के रहेंगे उचित प्रबंध : एएसपी

रीवा

कलेक्ट्रेट सभागार में जिला शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में महाशिवरात्रि, होली, ईद-उल फितर, रामनवमी, झूलेलाल जयंती, महावीर जयंती तथा अन्य पर्वों के आयोजन के संबंध में व्यवस्थाओं पर चर्चा की गई। बैठक में अपर कलेक्टर श्रीमती सपना त्रिपाठी ने कहा कि जिले की परंपरा के अनुसार सभी त्यौहार शांति और सद्भाव से मनाए जाएंगे। प्रशासन द्वारा सभी त्यौहारों के दौरान सुरक्षा, यातायात, साफ-सफाई, पेयजल व्यवस्था तथा अन्य सभी व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जाएंगी। त्यौहार पूरे उल्लास और उत्साह से मनाएं। त्यौहार मनाते समय अनुशासन बनाए रखें। त्यौहारों की भीड़भाड़ का लाभ उठाकर कई बार असामाजिक तत्व अव्यवस्थाएं पैदा करने का प्रयास करते हैं। इनसे कड़ाई से निपटा जाएगा। शोभा यात्रा, चल जुलूस तथा अन्य सभी बड़े आयोजनों में सुरक्षा बल तैनात रहेंगे। इसके साथ-साथ आयोजक, प्रशासन और जनता को सहयोग देने के लिए अपने स्वयंसेवक भी परिचय पत्र देकर तैनात रखें। सबके सहयोग से व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जाएंगी। उन्होंने अपेक्षा की कि सभी त्योहार सौहार्द पूर्ण ढंग से शांतिपूर्वक भाई चारे की भावना



के साथ मनाये जायेंगे। अपर कलेक्टर ने कहा कि गत वर्ष की तरह इस वर्ष भी होलिका दहन के लिए लक्ष्मणबाग संस्थान में निर्मित गौ काष्ठ नगर निगम के माध्यम से निर्धारित दर पर उपलब्ध कराई जाएगी। होलिका दहन करने वाली सभी संस्थाएं और समितियाँ नगर निगम में गौ काष्ठ की मात्रा की जानकारी उपलब्ध करा दें जिससे उन्हें समय पर गौ काष्ठ दी जा सके। इससे पर्यावरण की सुरक्षा होने के साथ-साथ गौसेवा भी होगी। विभिन्न त्यौहारों के दौरान नगर निगम प्रमुख मार्गों की साफ-सफाई कराएगा। नगर निगम द्वारा बिजली और पानी की भी समुचित व्यवस्था की जाएगी। बैठक में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अनिल सोनकर ने कहा कि चल समारोहों, जुलूस तथा बड़े आयोजनों की सूचना एसडीएम कार्यालय तथा पुलिस थाने को अवश्य दें। आवेदन में जुलूस के मार्ग, समय तथा उसमें शामिल होने वाले व्यक्तियों और वाहनों की अनुमानित संख्या का उल्लेख अवश्य करें। होलिका दहन करने वाली समितियाँ भी प्रशासन को सूचना अवश्य दें। त्यौहारों के दौरान सभी प्रमुख धार्मिक स्थलों तथा नगर के प्रमुख सार्वजनिक स्थलों में सुरक्षा के उचित प्रबंध किए जाएंगे। बैठक में संयुक्त कलेक्टर पी.के. पाण्डेय ने विभिन्न त्यौहारों के दौरान की जाने वाली प्रशासनिक व्यवस्थाओं की जानकारी दी। बैठक में उपस्थित शांति समिति के सदस्यों ने विभिन्न त्यौहारों के आयोजन के संबंध में महत्वपूर्ण सुझाव दिए। बैठक में एसडीएम हुजूर वैशाली जैन, विधायक प्रतिनिधि भूपेन्द्र सिंह, शांति समिति के सभी सदस्य तथा संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

स्वत्वाधिकारी प्रकाशक एवं मुद्रक राजेन्द्र तिवारी द्वारा एस आर के प्रिंटिंग प्रेस विवि रोड खुटेही रीवा से मुद्रित कर जीडीसी के सामने उत्तरी करौंदिया सीधी से प्रकाशित। संपादक-राजेन्द्र तिवारी , आर.एन.आई नं. 47589/88 , डाक पंजीयन : MP/SDL/DN/-30/2015-17, दूरभाष : 09424315633,7389444833